इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेत्ति, सर्वं स वेत्ति"।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव




वर्ष- 43 | अंक -114 | राजनांदगांव, शनिवार 09 मार्च 2024 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए

# कांग्रेस की पहली लिस्ट में 39 नाम, 4 महिलाएं : केरल से सबसे ज्यादा 16 कैंडिडेट, राहुल वायनाड से तो राजनांदगांव से भूपेश लड़ेंगे चुनाव



नई दिल्ली। कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर शुक्रवार को उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की। इस सूची में 39 उम्मीदवारों के नामों का ऐलान किया गया। सूची के मुताबिक, वायनाड से राहुल गांधी, राजनंदगांव से भूपेश बघेल, दुर्ग से राजेंद्र साहू, रायपुर से विकास उपाध्याय चुनाव लड़ेंगे। कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ की छह, कर्नाटक की सात, केरल की 16, तेलंगाना की चार, मेघालय की दो, लक्षद्वीप, सिक्किम, नगालैंड और त्रिपुरा की एक-एक सीट पर प्रत्याशियों के नामों का ऐलान किया।

### वायनाड से राहुल, तो राजनांदगांव से भूपेश लड़ेंगे चुनाव; कांग्रेस ने जारी की 39 प्रत्याशियों की सूची

### तिरुवनंतपुरम से लड़ेंगे शशि थरूर

बता दें कि तिरुवनंतपुरम से शशि थरूर, मेघालय से विंसेंट पाला और त्रिपुरा वेस्ट से आशीष साहा का नाम सामने आया। इसी बीच, कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने बताया कि कांग्रेस सीईसी की अगली बैठक 11 मार्च को होगी। पहली सूची 7 मार्च को हुई बैठक के बाद जारी की गई। पहली सूची में वायनाड (केरल)-राहुल गांधी (कांग्रेस पूर्व अध्यक्ष), जांजगीर-चांपा - एससी डॉ. शिवकुमार डहरिया, कोरबा ज्योत्सना महंत, राजनांदगांव - भूपेश बघेल, दुर्ग - राजेंद्र साहू, रायपुर-विकास उपाध्याय, महासमुंद ताम्रध्वज साहू, बीजापुर एससी (कर्नाटक) एच.आर. अलगुर (राजू), हावेरी (कर्नाटक)- आनंदस्वामी गद्दादेवरा मठ, शिमोगा (कर्नाटक) - गीता शिवराजकुमार, हसन (कर्नाटक)-एम. श्रेयस पटेल, तुमकुर (कर्नाटक)- एस.पी. मुद्दाहनुमेगौड़ा, मंड्या (कर्नाटक)- वेंकटरामेगौड़ा (स्टार चंद्रू), बेंगलोर ग्रामीण (कर्नाटक)-डीके सुरेश, कासरगोड (केरल)- राजमोहन उन्नीथन, कन्नूर (केरल)-के. सुधाकरन, वडाकारा (केरल)-शफ़ी परम्बिल, कोझिकोड (केरल)-एम.के. राघवन, पलक्कड़ (केरल)-वी.के. श्रीकंदन, अलाथुर-एससी (केरल)-राम्या हरिदास, त्रिशूर (केरल)- के. मुरलीधरन, चलाकुडी (केरल)- बेनी बेहनन, एर्नाकुलम (केरल)-हिबी ईडन, इडुक्की (केरल)- डीन कुरियाकोस, अलपुझा (केरल)-के.सी. वेणुगोपाल, (शेष पृष्ठ 6 पर...)

### कांग्रेस ने तिरुवनंतपुरम सीट से शशि थरूर पर फिर लगाया दांव, केंद्रीय मंत्री से होगा सामना

इंदौर। कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव को देखते हुए अपनी पहली लिस्ट जारी कर दी है। इस लिस्ट में 39 नामों का एलान हुआ, जिसमें राहुल गांधी, भूपेश बघेल और शशि थरूर जैसे दिग्गज नेता शामिल थे। कांग्रेस ने तिरुवनंतपुरम लोकसभा सीट से शशि थरूर पर फिर से दांव लगाया है। यह लड़ाई अब और भी रोचक हो गई है, क्योंकि उनका सामना इस बार केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर से होगा। भाजपा की पहली लिस्ट में तिरुवनंतपुरम से उनका नाम भी शामिल था। उनको भाजपा ने तिरुवनंतपुरम से उतारा है। राजीव चंद्रशेखर ने मीडिया से लोकसभा चुनाव लड़ने की इच्छा जताई थी। उनकी इसी इच्छा का मान रखते हुए पार्टी ने उन्हें तिरुवनंतपुरम जैसी हाईप्रोफाइल सीट दी है।

# पीएम मोदी ने देश भर में एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में 100 रुपये की कटौती का किया ऐलान



नई दिल्ली। देशभर में रसोई गैस सिलेंडर सस्ता हो गया है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को घोषणा की है कि उनकी सरकार ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मद्देनजर एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में 100 रुपये की कटौती की है. उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में इस बात की जानकारी दी है. पीएम मोदी ने अपने पोस्ट में लिखा, 'आज महिला दिवस पर हमारी सरकार ने एलपीजी सिलेंडर के दाम 100 रुपये कम करने का फैसला किया है.इससे देश भर के लाखों परिवारों पर वित्तीय बोझ काफी कम हो जाएगा, विशेष रूप से हमारी नारी शक्ति को लाभ होगा. हमारा लक्ष्य रसोई गैस को और अधिक किफायती बनाकर,परिवारों को बेहतर होने में मदद करना और एक स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित करना भी है. यह महिलाओं को सशक्त बनाने और उनके लिए जीवनयापन में आसानी सुनिश्चित करने की हमारी प्रतिबद्धता के अनुरूप है.' बता दें कि इस कटौती के बाद राजधानी दिल्ली में रसोई गैस का दाम 903 रुपये से (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# राजनांदगांव से चुनाव लड़ेंगे पूर्व सीएम भूपेश बघेल, अब आसान नहीं भाजपा की डगर



राजनांदगांव (दावा)। कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव को लेकर शुक्रवार की शाम को अपनी पहली लिस्ट जारी की है। 39 उम्मीवारों की पहली सूची में छत्तीसगढ़ से 6 प्रत्याशियों को चुनावी मैदान में उतारा गया है। इसमें प्रदेश के पूर्व सीएम भूपेश बघेल को भी चुनावी रण में उतारा गया है।

बघेल राजनांदगांव से लोकसभा चुनाव लड़ेंगे। यहां से भाजपा के वर्तमान सांसद संतोष पांडेय के खिलाफ चुनावी ताल ठोकेंगे। उनके लड़ने से अब भाजपा की डगर आसान नहीं दिख रही है। यानी यहां पर कांटे की लड़ाई देखने को मिलेगी। कांग्रेस और भाजपा दोनों इस सीट को जीतने के लिए जोर लगा देंगे। अधिकृत घोषणा के बाद सैकड़ों कार्यकर्त्ताओं ने मानव मंदिर चौक (महाकाल चौक) में फटाका फोड़कर एक-दूसरे को मिठाई खिलाई।

### राजनीतिक सफर

भूपेश बघेल का जन्म 23 अगस्त 1961 को दुर्ग जिले के पाटन तहसील में हुआ था। कुर्मी समाज में इनका खासा जनाधार है। उन्होंने वर्ष 1985 में यूथ कांग्रेस को ज्वॉइन किया। 1993 में जब मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव हुए तो पहली बार पाटन विधानसभा से वे विधायक चुने गए। अगला चुनाव भी वे पाटन से ही जीते, जिसमें उन्होंने भाजपा के निरुपमा चंद्राकर को हराया। जब मध्य प्रदेश में पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह की सरकार बनी तो भूपेश बघेल कैबिनेट मंत्री बनाए गए।

साल 1990-94 तक जिला युवा कांग्रेस कमेटी दुर्ग (ग्रामीण) के वे अध्यक्ष रहे। वर्ष 1994-95 में मध्य प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष चुने गए। साल 1999 में मध्य प्रदेश सरकार में परिवहन मंत्री और साल 1993 से 2001 तक मध्य प्रदेश हाउसिंग बोर्ड के डायरेक्टर की जिम्मेदारी निभाई। साल 2000 में जब छत्तीसगढ़ राज्य बना और कांग्रेस की सरकार बनी, तब जोगी सरकार में वे कैबिनेट मंत्री रहे। वर्ष 2003 में कांग्रेस जब सत्ता से बाहर हुई तो भूपेश को विपक्ष का उपनेता बनाया गया। साल 2003 में हुए विधानसभा चुनाव में पाटन से उन्होंने जीत दर्ज की। साल 2003 में भाजपा के विजय बघेल को भूपेश बघेल ने 7 हजार मतों से हराया था। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# लोकसभा चुनाव : ओडिशा में बीजेपी-बीजेडी गठबंधन को लेकर बातचीत अटकी



भुवनेश्वर। ओडिशा में सत्तारूढ़ बीजू जनता दल और विपक्षी भाजपा के बीच गठबंधन को लेकर हो रही बातचीत अटक गई है, क्योंकि सीट बंटवारे को लेकर सहमति नहीं बन सकी. दोनों दलों के नेताओं ने शुक्रवार को यह जानकारी दी. राज्य में विधानसभा और लोकसभा चुनाव एक साथ होते हैं. भाजपा के सूत्रों ने दावा किया कि 147 सदस्यीय ओडिशा विधानसभा में बीजद ने 100 से अधिक सीटों पर चुनाव लड़ने की मांग की, जो भाजपा को स्वीकार्य नहीं है. निवर्तमान विधानसभा में क्षेत्रीय पार्टी के 114 सदस्य हैं और शुरुआत में उसने भाजपा के साथ बातचीत के दौरान 112 सीट की मांग की थी.

भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ने कहा, बीजद लगभग 75 प्रतिशत विधानसभा सीट की मांग कर रही है, जो हमें स्वीकार नहीं है. उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति राज्य में भाजपा की संभावना पर प्रतिकूल प्रभाव डालेगी. दूसरी ओर, भाजपा ने ओडिशा की 21 लोकसभा सीट में से 14 सीट मांगी थीं, जिसे बीजद ने खारिज कर दिया है. साल 2019 के लोकसभा चुनाव में बीजद ने 12 सीट पर जीत हासिल की थी, जबकि भाजपा ने आठ सीट हासिल की थीं. बीजद नेता ने कहा, अगर हम 10 से कम लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ते हैं, तो यह हमारे लिए नुकसानदेह होगा.

### भाजपा नेताओं से बातचीत पर साधी चुप्पी

बीजद अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के करीबी सहयोगी - वी के पांडियन और प्रणब प्रकाश दास शुक्रवार दोपहर दिल्ली से लौट आए. वह बृहस्पतिवार शाम को भाजपा नेतृत्व से बातचीत करने के लिए राष्ट्रीय राजधानी गए थे. पांडियन और दास ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर बीजद मुख्यालय में आयोजित एक समारोह में भाग लिया, लेकिन बृहस्पतिवार रात को दिल्ली में भाजपा के शीर्ष नेताओं के साथ हुई चर्चा पर चुप्पी साधे रहे. भाजपा की ओडिशा इकाई के नेता अपने प्रदेश अध्यक्ष मनमोहन सामल के नेतृत्व में दिल्ली में रुके हुए हैं और उन्होंने राज्य चुनाव प्रभारी और राज्यसभा सदस्य विजय पाल सिंह तोमर के आवास पर कई केंद्रीय नेताओं के साथ बैठकें कीं. ओडिशा प्रदेश भाजपा के महासचिव पृथ्वीराज हरिचंदन ने कहा, 'आज दोपहर तक गठबंधन पर कोई फैसला नहीं लिया गया.'

### 11 सालों तक गठबंधन में रहे दोनों दल

बीजद और भाजपा 1998 से 2009 के बीच लगभग 11 वर्षों तक गठबंधन में रहे और उन्होंने तीन लोकसभा और दो विधानसभा चुनाव एक साथ लड़े. इससे पहले, बीजद और भाजपा के बीच सीट बंटवारे के तहत बीजद ने 84 विधानसभा और (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# महादेव ऐप : ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दो और लोगों को दबोचा, अब तक कुल 11 लोग गिरफ्तार

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को कहा कि उसने महादेव ऐप से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दो नई गिरफ्तारियां की हैं, जिसमें छत्तीसगढ़ के कई उच्च पदस्थ राजनेताओं और नौकरशाहों के शामिल होने का आरोप है। गिरीश तलरेजा और सूरज चोखानी को 2 मार्च और 3 मार्च को हिरासत में लिया गया था। एजेंसी ने एक बयान में कहा कि पीएमएलए अदालत ने उन्हें 11 मार्च तक ईडी की हिरासत में भेज दिया। इनके साथ, मामले में कुल गिरफ्तारियां 11 हो गई हैं।

ईडी ने कहा कि तलरेजा के पास महादेव ऑनलाइन बुक (एमओबी) ऐप की सहयोगी कंपनी 'लोटस365' में हिस्सेदारी थी। एजेंसी ने आरोप लगाया कि वह 'लोटस365' के अवैध संचालन में रतन लाल जैन उर्फ अमन और एमओबी के मुख्य प्रमोटर सौरभ चंद्राकर के साथ भागीदार हैं। तलरेजा ने 'लोटस365' के अवैध संचालन से उत्पन्न अपराध की आय को वैध बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई। इस शाखा द्वारा प्रति माह 50 करोड़ रुपये की सट्टेबाजी नकदी को संभाला जा रहा था और उसे 'कैश हैंडलिंग व्हाट्सएप' के सदस्यों में से एक पाया गया था। इस शाखा का समूह, ईडी ने दावा किया। इसमें कहा गया है कि 1 मार्च को पुणे में 'लोटस365' की शाखाओं पर तलाशी ली गई और 1 करोड़ रुपये नकद जब्त किए गए।

# कांग्रेस को आईटीएटी से बड़ा झटका, बैंक खातों पर आयकर विभाग की कार्रवाई पर स्टे की याचिका खारिज



नई दिल्ली। कांग्रेस पार्टी को आयकर अपीलीय प्राधिकरण से करारा झटका लगा है। आईटीएटी ने शुक्रवार को कांग्रेस की याचिका को खारिज कर दिया। जिसमें पार्टी ने अपने बैंक अकाउंट्स पर आयकर विभाग की कार्रवाई पर स्टे की मांग की थी। कांग्रेस की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक तंखा ने आदेश को 10 दिनों के लिए स्थगित करने की अपील की थी, ताकि पार्टी सुप्रीम कोर्ट का रूख कर सके। हालांकि, पीठ ने यह कहते हुए अपील खारिज कर दी कि हमारे सामने ऐसा कोई प्रावधान नहीं है।

### कार्रवाई पर रोक लगाने की मांग

कांग्रेस ने हाल ही में वसूली के खिलाफ आईटीएटी से संपर्क किया है। वहीं, एक शिकायत दर्ज की है। आयकर विभाग की वसूली और उनके बैंक खातों को फ्रीज करने की कार्रवाई पर रोक लगाने की मांग की है।

कांग्रेस ने दावा किया कि आयकर विभाग ने पीठ के समक्ष निर्धारित सुनवाई के नतीजे की प्रतीक्षा किए बिना बैंकों के पास मौजूद कुछ शेष रकम को भुनाकर अपना ग्रहणाधिकार लागू कर दिया। पार्टी ने अपील की कि स्थगन आवेदन का निपटारा होने तक विभाग आगे कोई एक्शन न लें।

वरिष्ठ अधिवक्त विवेक तंखा ने कहा इससे पहले आईटीएटी ने कांग्रेस की याचिका पर अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था। कांग्रेस की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक तंखा ने कहा था कि अगर रोक नहीं लगाई गई (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## बागेश्वर मंदिर में दीपोत्सव की रही धूम....



राजनांदगांव ( दावा )। जी.ई.रोड स्थित बागेश्वर मंदिर में महाशिवरात्रि के पूर्व संध्या पर राकेश ठाकुर के नेतृत्व में मंदिर समिति द्वारा शानदार दीपों का शिवलिंग, त्रिशूल एवं ओम के आकार का प्रज्जवलित किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया।




गोबर खाद बेचना है
50-60 ट्रीप गोबर खाद
हाईवा प्रति ट्रीप- 4500 रू.
ट्रेक्टर प्रति ट्रीप-1200 रू.
8103757764
9754830500







# जीत की हैट्रिक लगा चुकी भाजपा को भूपेश बघेल देंगे कड़ी चुनौती, कांग्रेस का गढ़ राजनांदगांव वापस पाने का दारोमदार

राजनांदगांव(दावा)। राजनांदगांव लोकसभा सीट कांग्रेस का गढ़ रही है। अब तक हुए 17 में से 10 बार कांग्रेस की जीत मिली है। भाजपा का छह बार कब्जा हुआ है, लेकिन बीते तीन चुनाव में वह लगातार जीत के साथ वह हैट्रिक मार चुकी है। ऐसे में कांग्रेस ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को मैदान में उतारकर भाजपा के सामने बड़ी चुनौती खड़ी कर दी है। कांग्रेस ने अपने इसी खोए हुए गढ़ को वापस पाने बड़ा दांव खेला है।

वर्तमान में लोकसभा क्षेत्र की आठ में से पांच विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस के विधायक हैं। ऐसे में भाजपा को अपना विजय अभियान जारी रखने कड़ी मेहनत करनी होगी। हालांकि गत लोकसभा चुनाव (2019) में क्षेत्र की आठ में से सात सीट पर कांग्रेस के विधायक थे। तब कांग्रेस को लगभग 1.12 लाख मतों से हार का सामना करना पड़ा था।

### अंतिम जीत उपचुनाव में

इस सीट पर कांग्रेस की अंतिम जीत वर्ष 2007 के उपचुनाव में हुई थी। तब देवव्रत सिंह ने भाजपा के लीलाराम भोजवानी को पराजित किया था। उसके बाद के तीन चुनाव भाजपा लगातार जीत रही है। पहले संसदीय चुनाव में वर्ष 1957 से 1971 तक कांग्रेस की लगातार चार जीत हुई। उसके विजय रथ को जनता पार्टी के मदन तिवारी ने 1977 के इंदिरा विरोधी लहर में रोका था। हालांकि उसके बाद 1980 व 1984 में शिवेंद्र बहादूर ने जीत दर्ज कर यह सीट वापस कांग्रेस की झोली में डाल दी थी।

वर्ष 1989 में पहली बार यहां से भाजपा को जीत मिली। धर्मपाल गुप्ता सांसद चुने गए। फिर 1991 में शिवेंद्र बहादुर, 1996 में भाजपा के अशोक शर्मा, 1998 में कांग्रेस के मोतीलाल वोरा, 1999 में डॉ. रमन सिंह और 2004 में प्रदीप गांधी के रूप में यह सीट भाजपा के पास रही।



### भूपेश के उम्मीदवारी के प्रमुख कारण

पूर्व सीएम के नाते सभी कार्यकर्ताओं में पहचान, क्षेत्र की आठ में से पांच विस सीट पर कांग्रेस का कब्जा, मुख्यमंत्रित्वकाल में खैरागढ़ व मोहला को जिला बनाया, कर्ज माफी के कारण किसानों में गहरी पकड़, बड़े नेता होने से अंतर्कलह या गुटबाजी की आशंका कम रहेगी।

### पिछले तीन चुनावों में कांग्रेस

| वर्ष | भाजपा | कांग्रेस | हार का अंतर |
|---|---|---|---|
| 2009- | मधुसूदन यादव- | देवव्रत सिंह- | 1,19,074 |
| 2014- | अभिषेक सिंह- | कमलेश्वर वर्मा- | 2,35,911 |
| 2019- | संतोष पांडेय- | भोलाराम साहू- | 1,11,966 |

### पखवाड़े भर से चल रही थी नाम की चर्चा

कांग्रेस ने शुक्रवार को देर शाम लोकसभा चुनाव के लिए प्रत्याशियों की घोषणा कर दी। राजनांदगांव सीट से पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल उम्मीदवार होंगे। उनके नाम की चर्चा पखवाड़ेभर से चल रही थी। जैसे से घोषणा हुए, कार्यकर्ताओं में उत्साह छलक पड़ा। पूरे जिले में पटाखे चलाकर और मिठाई बांटकर खुशी मनाई गई। डोंगरगढ़, डोंगरगांव, मोहला, मानपुर और अम्बागढ़ चौकी में उम्मीदवारी का स्वागत किया है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)




मारुति सेल्स
पीविसी डोर, मेमरन डोर,
लेमिनेशन डोर, एल्युमिनियम खिड़की,
सागौन डोर, माइका डोर,
माइका कटपिस डोर, WPVC डोर
* डीलर KAKA PVC के बने माड्यूलर किचन, टी.वी. यूनिट, आलमारी
दीमक से बचत वाटर प्रुफ
10 वर्ष की गांरटी
मो. मयूर टांक-8103046104
पता-मोतीपुर नवागांव राजनांदगांव (छ.ग.)

## नगर में महाशिवरात्रि की धूम










## पहला कॉलम...

### आज सोमनी में महाकाल की शोभायात्रा

राजनांदगांव (दावा)। ग्राम सोमनी में शिवशक्ति युवा संगठन व ग्रामवासियों के तत्वावधान में महाशिवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में शनिवार को महाकाल की शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायत्रा दोपहर 12 बजे आवास पारा, विद्युत सब स्टेशन परिसर स्थित शवि मंदिर में पूजा पाठ कर निकलेगी, जो बस स्टैंड से जीइ रोड होकर भगवती नगर होते हुए सतनामी पारा, बाजार चौक, गौठान चौक से शिक्षक नगर होकर शीतला मंदिर पहुंचेगी। जहां भगवान शिव मंदिर में जलाभिषेक कर शोभायात्रा का समापन होगा। संगठन के अध्यक्ष नितेश अगरवाल व सचिन यादव सहित अन्य सदस्यों ने बताया कि शीतला मंदिर स्थित शिव मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद शाम छह बजे शिवभक्तों को प्रसादी वितरण होगा।

### जिला स्तरीय अपीलीय समिति गठित

राजनांदगांव (दावा)। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल ने लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के दौरान जब्त नगदी एवं अन्य वस्तुओं के प्रकरणों में परीक्षण व जांच कर आवश्यक निर्णय लेने हेतु जिला स्तरीय अपीलीय समिति (निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण) का गठन किया है। समिति में जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह को अध्यक्ष, अपर कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी (निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण) श्रीमती इंदिरा नवीन सिंह को संयोजक एवं वरिष्ठ कोषालय अधिकारी दिलीप कुमार सिंह को सदस्य बनाया गया है। जिला स्तरीय अपीलीय समिति (निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण) द्वारा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 6-राजनांदगांव अंतर्गत स्थैतिक नगरानी दल (एसएसटी), उडनदस्ता दल (एफएसटी), पुलिस एवं अन्य क्रियान्वयन एजेंसी द्वारा निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान जब्त की गई नगदी एवं अन्य वस्तुओं को रिलीज करने के संबंध में निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण पर जारी अनुदेशों का सारसंग्रह जनवरी 2024 के मानक प्रचालन प्रक्रिया (एसओपी) के अनुसार निर्णय लिया जाएगा।

### कल ग्राम खम्हारडीह कचना में नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

रायपुर(दावा)। लोहिया पेपर एवं बोर्ड प्रा. लिमिटेड द्वारा कल 10 मार्च को ग्राम हाऊसिंग बोर्ड कालौनी, कल्याण सोसायटी, खम्हारडीह कचना रायपुर में प्रातः 9 बजे से निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पं. मोतीलाल नेहरु वार्ड के पार्षद गोपेश साहू होंगे। लोहिया पेपर एंड बोर्ड के सौजन्य से आयोजित उक्त निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में लोगों से अधिकाधिक संख्या में लाभ उठाने की अपील की गई है। स्वास्थ्य परीक्षण श्रीराम पैथालाजी लैब व विशेषज्ञ डाक्टरों द्वारा की जाएगी।

### श्रीमती सरस्वती देवी दीवान का निधन

डोंगरगढ़ (दावा)। दिलीप धर दीवान की धर्मपत्नी एवं आशीष दीवान की माता श्रीमती सरस्वती देवी दीवान का आकस्मिक निधन हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा 08 मार्च को सुबह 11 उनके नीज निवास स्थान गुरुनानक द्वारा के पास से छीरपानी मुक्तिधाम के लिए निकाली गई।

# छत्तीसगढ़ में अनुकंपा नियुक्ति को लेकर नए निर्देश जारी, अब जिले में पद खाली नहीं होने पर संभाग स्तर पर होगी पोस्टिंग



रायपुर। अनुकंपा नियुक्ति को लेकर नए निर्देश जारी किए गए हैं। इसके मुताबिक दिवंगत शासकीय सेवक के विभाग में अनुकंपा नियुक्ति के पद रिक्त नहीं होने पर आवेदन कलेक्टर को भेजे जाएंगे। अगर जिले में पद खाली नहीं मिले तो आवेदन संभागायुक्त को भेजा जाएगा और संभाग स्तर पर नियुक्ति दी जाएगी। अनुकंपा नियुक्तियों के आवेदकों के हितों को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री की विशेष पहल पर निर्णय लिया गया है। इसके लिए सामान्य प्रशासन विभाग ने पुनरीक्षित निर्देश 2013 में संशोधन कर सभी कलेक्टरों-संभागायुक्तों को निर्देश जारी कर दिया है।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में बुधवार को आयोजित कैबिनेट की बैठक में अनुकंपा नियुक्ति के संबंध में राज्य शासन द्वारा जारी एकजाई पुनरीक्षित निर्देश 2013 में संशोधन करने के लिए गए निर्णय लिया गया था। इस पर त्वरित अमल करते हुए सामान्य प्रशासन विभाग ने कैबिनेट के निर्णय अनुसार संशोधन के बाद निर्देश जारी किया है।

### यह जारी किया गया निर्देश

सामान्य प्रशासन की ओर से जारी निर्देश के मुताबिक कलेक्टर कार्यालय में आवेदन-पत्र अग्रेषित होकर प्राप्त होने पर जिला कलेक्टर द्वारा उसके जिले में, उसके अधीनस्थ कार्यालय में अनुकंपा नियुक्ति के लिए रिक्त उपलब्ध पद पर अनुकंपा नियुक्ति प्रदान की जाएगी। जिले में किसी भी कार्यालय में अनुकंपा नियुक्ति के लिए रिक्त पद उपलब्ध न होने पर जिला कलेक्टर तदाशय के प्रमाण पत्र के साथ आवेदक का अनुकंपा नियुक्ति का आवेदन-पत्र, अपने संभागीय आयुक्त कार्यालय को प्रेषित करेंगे और आवेदक को उसकी सूचना दी जाएगी। संभागीय आयुक्त अपने अधीनस्थ अन्य जिले, जहां पद रिक्त हो, अनुकंपा नियुक्ति प्रदान करने की आगामी प्रक्रिया करेंगे। संबंधित जिला कलेक्टर को प्रकरण अग्रेषित करेंगे और निर्धारित समय-सीमा के भीतर अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों का निराकरण कलेक्टर- संभागायुक्तों द्वारा किया जाएगा।

### तृतीय व चतुर्थ पदों पर मिलेगी नौकरी

पदों की रिक्तता के अनुसार तृतीय अथवा चतुर्थ श्रेणी के पदों पर अनुकंपा नियुक्ति दी जाएगी। यह भी स्पष्ट किया गया है कि अनुकंपा नियुक्ति शासन द्वारा दिवंगत शासकीय सेवक के आश्रित परिवार को तात्कालिक आर्थिक सहायता के रूप में दी जाती है, इसमें इच्छानुरूप पद पर नियुक्ति दिया जाये, यह आवश्यक नहीं है। अतः दिवंगत नियमित शासकीय सेवकों के आश्रित सदस्यों के अनुकंपा नियुक्ति प्रकरणों का नियत समयावधि में निराकरण किया जाना सुनिश्चित करने को कहा गया है।

# पुराना गंज चौक का नाम राष्ट्रसंत आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज चौक के नाम से रखे जाने की मांग



राजनांदगांव (दावा)। 06 मार्च 2024 को नगर निगम कार्यकाल का 5वाँ अंतिम बजट पारित किया गया, जिसमें वार्ड क्रं. 28 के भाजपा पार्षद रानू जैन द्वारा राजनांदगाँव क्षेत्र के विकास के संबंध में अपने सुझाव महापौर श्रीमती हेमा देशमुख व अध्यक्ष हरिनारायण धकेता के सम्मुख प्रस्तुत किये। जिनमें प्रमुख रूप से गंज चौक में आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के नाम पर गंजचौक का नामकरण आचार्य विद्यासागर चौक के नाम से व अहिंसा प्रवेश द्वार का निर्माण करायें जाने हेतु निवेदन किया गया। इंदिरा सरोवर के सम्मुख पुराना स्टेट बैंक के पास, कमल टॉकीज रोड पर भगवान गौतम बुद्ध प्रवेश द्वार के निर्माण की मांग की है, विदित हो उक्त मार्ग पर आम्बेडकर भवन में भगवान गौतम बुद्ध की अष्टधातु से निर्मित प्रतिष्ठित प्रतिमा है।

पुराना बस स्टैण्ड सौंदर्यीकरण अंतर्गत, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, नवीन, यात्री प्रतिक्षालय, महिला/पुरूष शौचालय, फव्वारा निर्माण, राजा दिग्विजय दास जी की प्रतिमा की स्थापना, हाई मास्क लाईट, महात्मा गाँधी जी प्रतिमा में स्टील वर्क, टाईल्स, बांऊण्ड्रीवाल, व गंज चौक स्थित बालाजी मंदिर के सम्मुख तीन मंजिला चार चक्र वाहन पार्कि ग की सुविधा, एवं जी.ई. रोड ओव्हरब्रिज के नीचे द्विचक्र व चारचक्र वाहन की पार्किंग सशुल्क किये जाने की मांग की गई एवं मठपारा स्थित लखोली नाका मुक्तिधाम में विद्युत शव दाहगृह, बनाने व उसकी देखरेख हेतु दो कर्मियों की नियुक्ति की मांग की गई भरकापारा व लोहार पारा में नाली निर्माण एवं सी.सी. रोड एवं गंज लाईन से तिरंगा चौक तक डामरीकरण का प्रस्ताव दिया गया है। राजनांदगाँव क्षेत्रांतर्गत विकास के संबंध में पार्षद श्री रानू जैन द्वारा प्रमुख रूप से 15 बिन्दुओं पर माननीय महापौर श्रीमती हेमा देशमुख व अध्यक्ष महोदय, आयुक्त महोदय का ध्यानाकर्षण करते हुए बजट में प्रस्ताव पारित किये जाने का निवेदन किया गया है, जिसे सदन में सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई है।

# विश्व शांति के लिए भी जरूरी है केंद्र में भाजपा की सरकार - मोरजध्वज देवांगन



**कहा - राजनंदगांव सहित पूरे छत्तीसगढ़ की सभी 11 सीट जीतेगी भाजपा**

राजनांदगांव (दावा)। भाजपा के युवा व कद्दावर नेता मोरजध्वज देवांगन ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक संस्था है। यह प्रबुद्ध वर्ग अच्छी तरह से जानती है। पिछले 10 साल से केंद्र में भाजपा की सरकार होने से देश की राजनीतिक की स्थिरता बनी रहकर समस्याओं का निदान भी हुआ है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कूटनीतिक प्रयासों से कश्मीर समस्या का काफी हद तक निदान हो गया है वहीं चीन और पाकिस्तान से निपटने मजबूत रक्षा तैयारी हुई है। देश की गरीब जनता को आगामी 5 साल तक के लिए निशुल्क खाद्यान्न की व्यवस्था मोदी सरकार ने कर ली है। हर वर्ग को खुश करने के लिए उनके प्रयास प्रसंसनीय है। विश्व व्यापी कोरोना महामारी के दौरान देश में अन्य देशों के मुकाबले मृत्यु कम हुई है। वही टीका कारण से करोड़ों की जान बची है। विकसित भारत का संकल्प लेकर आगे की रणनीति बन चुकी है। यह रणनीति तभी सफल हो पाएगी जब केंद्र में तीसरी बार भाजपा की सरकार बैठेगी। इसके लिए जनता की जिम्मेदारियां बढ़ गई है। कि वह उन्हें दोबारा चुने।

श्री देवांगन ने आगे कहा कि राजनंदगांव लोक सभा सीट से प्रखर राष्ट्वादी नेता सांसद संतोष पांडे को लगातार दूसरी बार टिकट देकर पार्टी आलाकमान उनकी कार्यशैली पर मोहर लगा दी है। इसका मतलब यह है कि उनके नेतृत्व में राजनंदगांव छत्तीसगढ़ सहित समूचा देश विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने की दिशा में आगे बढ़ेगा। राज्य के विष्णुदेव साय सरकार छत्तीसगढ़ को भी विकसित बनाने की दिशा में गंभीर दिखाई दे रही है। यह तब और आसान हो जाएगा, जब केंद्र में तीसरी बार भाजपा की सरकार विराजमान होगी।

# मोदी सरकार ने किया नारी शक्ति का वंदन : प्रतिक्षा भंडारी



**घुमका में आयोजित हुआ जनपद स्तरीय कार्यक्रम**

राजनांदगांव(दावा)। केंद्र सरकार की ओर से भारतवर्ष में प्रारंभ किए गए शक्ति वंदन कार्यक्रम के आयोजन जारी हैं। हाल ही में ग्राम पंचायत घुमका में जनपद स्तरीय शक्ति वंदन कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस दौरान मुख्य अतिथि जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रतीक्षा सूर्यकांत भंडारी ने कहा कि मोदी सरकार ने ही नारी शक्ति वंदन कानून को संसद में पारित करवा कर नारियों को अधिकार देने का काम किया। पालीवाल ने कहा कि केंद्र तथा प्रदेश की जितनी योजनाएं बनी वह नारी शक्ति को ध्यान में रखकर बनाई गई। उन्होंने कहा कि केंद्र तथा राज्य सरकार महिलाओं के विकास के लिए कटिबद्ध है। सरकार ने नारी शक्ति को मुख्य धारा से जोड़ने का काम किया।

श्रीमती प्रतिक्षा भंडारी ने इस दौरान कहा कि महिला एवं स्व सहायता समूह के सशक्तिकरण के लिए भाजपा दृढ़ संकल्पित है। राज्य में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार ने बेहद कम समय में ही रेडी-टू-ईट फूड का काम समूहों का सौंपने का निर्णय लेकर अपनी मंशा स्पष्ट कर दी। महतारी वंदन योजना के तहत 10 मार्च से महिलाओं के खाते में प्रतिमाह एक हजार रुपए आने शुरु हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि इस बार भाजपा प्रचंड बहुमत से 2024 का लोकसभा चुनाव जीतने वाली है। मातृशक्ति का आशीष भाजपा और मोदी के साथ है।

उक्त कार्यक्रम में जनपद सदस्यगण दिलीप पटेल, किरण बारले, हंसा सिन्हा, डोमार साहू, पिछड़ा मोर्चा कार्यकारिणी सदस्य नूतन साहू, मनीष साहू, बलवीर साहू, जनपद पंचायत के अधिकारी-कर्मचारी व बड़ी संख्या में स्व सहायता समूहों की महिलाएं मौजूद थीं।

# सखी वन स्टाफ सेंटर में मना महिला दिवस



राजनांदगांव (दावा)। आज महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित सखी वन स्टाफ सेंटर एवं नवा बिहान के द्वारा रॉयल बी.एड. कॉलेज में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर लगभग 70 विद्यार्थियों उपस्थित थे। नवा बिहान के संरक्षण अधिकारी सुश्री विद्या मिश्रा के द्वारा उपस्थित छात्र-छात्राओं को घरेलू हिंसा अधिनियम 2005 के तहत महिलाओं से संबंधित कानून दहेज प्रतिषेध अधिनियम, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न, एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, योजना ,महिलाओं के अधिकार के कानून के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया साथ ही सखी वन स्टाफ सेंटर के केंद्र प्रशासक श्रीमती गायत्री साहू के द्वारा सखी वन स्टाफ सेंटर स्थापना के उद्देश्य एवं सखी द्वारा दी जाने वाली सेवाओं ,सहायता, संरक्षण ,एवम दैहिक शोषण , मानसिक प्रताड़ना के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान करते हुए महिला हेल्पलाइन 181 टोल फ्री नंबर सखी वन स्टाफ सेंटर का पता एवं फोन नंबर प्रदान न कर उपस्थित छात्र-छात्राओं को को घरेलू हिंसा से संबंधित शॉर्ट फिल्म दिखाकर घरेलू हिंसा को अच्छा से समझाने का प्रयास किया गया साथ ही प्रश्न उत्तर कार्यक्रम किया गया उत्तर देने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया कार्यक्रम में कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर अनुराधा शुक्ला एवं कॉलेज के स्टाफ नया अभियान एवम सखी वन स्टॉप सेन्टर की टीम उपस्थिति थे।


**श्री कृष्णा (एयरकुल) में**

आज ता. 8 से भव्य शुभारंभ रोजाना 4 खेलों में

समय : 12, 3, 6 व 9 बजे

बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।

अजय देवगन के द्वारा निर्मित इस वर्ष की बेहतरीन 'हॉरर डरावनी' फिल्म

**शैतान**

कलाकार - अजय देवगन, ज्योति देशपांडे, जानकी बोदीवाला, आर. माधवन, मंगत पाठक, अभिषेक पाठक आदि




ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

**SILVER SCREEN MULTIPLEX**

8th March to 14th March 2024




Shaitaan - 12:30, 03:00, 03:30, 06:30, 09:00 & 09:30 pm




Article 370 - 12:00 & 06:00 pm

Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) 8085600200

**जमीन बेचना है**

कोटरा जय बाबा राईस मिल के पास बांधाबाजार, जिला मोहला-मानपुर, अं. चौकी में 2 एकड़ 39 डिसमिल जमीन अतिशीघ्र बेचना है.

-: संपर्क :-
मो.-9479006044
9424106868

**प्लाट बेचना है**

शानदार लोकेशन बसंतपुर राजनांदगांव में प्लाट 25x50 के उपलब्ध है.

-: संपर्क करें :-
मो.-6261339229


**शुभांक**

अनुमानित

बी. के
1-7-9
226-0 689-3
राजधानी
3-5-9
170-8 556-6

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

**न्यायालय नजूल जांच अधिकारी राजनांदगांव ( छ.ग. )**

**ईश्तहार** रा.मा.क्र. 202403093700004 अ-6, वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रिकेश जैन आ. ज्ञानचंद जैन एवं अन्य, निवासी- वर्धमान नगर, राजनांदगांव के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर शहर राजनांदगांव मोहल्ला टांकापारा, जी.ई. रोड स्थित शीट क्र. 59-सी, भूखण्ड क्रमांक 35/2, क्षेत्रफल 368.89 व.मी. जो धारक महेश खण्डेलवाल आ. मदनलाल खण्डेलवाल, निवासी- कामठी लाईन, राजनांदगांव के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है. उक्त आवेदित भूखण्ड में से क्षेत्रफल 44.145 व.मी. पर विक्रय विलेख के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है.

अत: उक्त भूमि/ मकान/ संपत्ति के नामांतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था जो इस भूखण्ड पर हित रखते हैं, पेशी तारीख 20.03.2024 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते हैं. बाद में प्रस्तुत आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी. यह उद्घोषणा आज दिनांक 05.03.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से जारी किया गया.

**नजूल अधिकारी**
**नजूल जांच, राजनांदगांव**

# छत्तीसगढ़ का स्टील सिटी के स्टेशन भिलाई पावर हाउस का होगा कायाकल्प

## 26 करोड़ रुपये की लागत से होगा स्टेशन भिलाई पावर हाउस स्टेशन का होगा यात्री सुविधाओं का विकास

बिलासपुर (दावा)। रेल मंत्रालय के महत्वाकांक्षी परियोजना के अंतर्गत यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधा प्रदान करने हेतु 'अमृत भारत स्टेशन' योजना के अंतर्गत स्टेशनों के कायाकल्प की तैयारी की जा रही है। इस कड़ी में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की 49 स्टेशनों एवं छत्तीसगढ़ राज्य के अंतर्गत 32 स्टेशनों का पूनर्विकास अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत किया जा रहा है। अभी हाल ही में 26 फरवरी' 2024 को प्रधानमंत्री जी के द्वारा अमृत भारत स्टेशन योजना के द्वितीय चरण में देश के 553 रेलवे स्टेशनों के साथ दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की 37 स्टेशनों एवं छत्तीसगढ़ राज्य के अंतर्गत 21 स्टेशनों के पुनर्विकास के कार्य का शिलान्यास किया गया। भिलाई पावर हाउस रेलवे स्टेशन को आने वाले 40ङ्क50 सालों के यात्रियों की संख्या को ध्यान में रख कर इस वृहत कार्य की योजना बनाई गई है। भिलाई पावर हाउस रेलवे स्टेशन को विकसित करने का लक्ष्य रेल यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं और बेहतर यात्रा अनुभव प्रदान करना है। रेलवे स्टेशन के आसपास अच्छी व्यवस्थाएं होने से आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा।

रेलवे देश की लाइफ लाइन है। रेलवे लगातार यात्री सेवा को सुलभ करने के लिए नवीनतम



### यात्री केन्द्रित सुविधाओं का किया जाएगा उन्नयन एवं आधुनिकीकरण

तकनीक, सुविधाओं और बुनियादी ढांचे को आधुनिक बनाने पर काम कर रही है। इसी कड़ी में देशभर के रेलवे स्टेशनों की कायापलट करने पर काम किया जा रहा है। अमृत भारत स्टेशन योजना का मकसद सुविधाओं की शुरुआत के साथ मौजूदा सुविधाओं के अपग्रेडेशन पर भी काम करना है।

अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत भिलाई पावर हाउस स्टेशन में विकास के अनेक कार्य कराये जाएंगे, जिसमें यह स्टेशन आधुनिक सुविधाओं से युक्त हो जायेगा। आगमन और प्रस्थान के लिये अलग मार्ग, चौड़ा फुट ओवर ब्रिज, वाल पेंटिंग्स व म्यूरल्स में स्थानीय संस्कृति की झलक,आकर्षक कॉनकोर्स, वेटिंग हॉल में फर्नीचर्स, कोच एवं ट्रेन इंडिकेशन बोर्ड, आकर्षक पोर्च, पार्किंग्स की सुविधा, चौड़ा फुटपाथ, स्टेनलेस स्टील चेयर, अपग्रेडेड अनारक्षित टिकट और पैसेंजर रिज़र्वेशन सिस्टम, अंतर्राष्ट्रीय स्तर के साइनेज, स्टेशन परिसर में हाई मास्ट से प्रचूर लाइट , सीसीटीवी द्वारा निगरानी, गार्डन व मनमोहक लैंड स्केपिंग, आधुनिकता व परंपरा को एक साथ प्रदर्शित करता शानदार फसाड इत्यादि अत्याधुनिक सुविधायें यहाँ उपलब्ध होंगी ।

छतीसगढ़ राज्य का स्टील सिटी के नाम से विख्यात भिलाई शहर शिक्षा एवं प्रतियोगी परीक्षाओं का बड़ा केंद्र भी है । यहां देश के सभी हिस्सों के निवासियों की अच्छी ख़ासी बसाहट है, इसलिए भिलाई शहर को मिनी भारत भी कहा जाता है । यहां पर आसपास बहुत सारे पर्यटन स्थल है, जिसमें छतीसगढ़ का खजुराहों के नाम से प्रसिद्ध भोरमदेव मंदिर, कला एवं संस्कृति की नगरी खैरागढ़ सहित अनेक पर्यटन स्थल अवस्थित है । भिलाई पावर हाउस स्टेशन में यात्री सुविधाओं का विकास आनेवाले दिनों में यहां के पर्यटन को नई ऊंचाई प्रदान करेगा ।

इससे यात्रियों के लिये आरामदायक व सुलभ यात्रा के साथ ही साथ उन्हें नया यात्रा अनुभव प्राप्त होगा तथा संस्कृति, पर्यटन और व्यापार में भी व्यापक विस्तार होगा । दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे यात्री सुविधा एवं विकास के लिए प्रतिबद्ध है तथा भविष्य में भी उन्नत और आधुनिक यात्री सुविधा के कार्य जारी रहेंगे, जिसका एक महत्वपूर्ण प्रतीक भिलाई पावर हाउस स्टेशन के पुनर्विकास के कार्य हैं।

# जिले की शत-प्रतिशत मितानिनों ने पूर्ण किया मोबाइल अकादमी कोर्स

राजनांदगांव (दावा)। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग भारत सरकार द्वारा मितानिनों की जानकारी को बढ़ाने और उन्हें अपग्रेड करने के उद्देश्य से मोबाइल अकादमी कोर्स का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले की शत-प्रतिशत मितानिनों ने मोबाइल अकादमी कोर्स पूर्ण कर लिया है। मितानिनों द्वारा मोबाइल अकादमी कोर्स पूर्ण करने में राजनांदगांव जिला देश एवं प्रदेश में दूसरा स्थान पर है। कलेक्टर ने इस उपलब्धि के लिए स्वास्थ्य विभाग, मितानिनों एवं इस कार्य में लगे सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों हो हार्दिक बधाई दी है।

**मोबाइल अकादमी कोर्स पूर्ण करने में राजनांदगांव जिला देश एवं प्रदेश में दूसरा स्थान पर**

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक बसोड ने बताया कि मोबाइल अकादमी एक निःशुल्क ऑडियो ट्रेनिंग कोर्स है। जिसे मितानिनों की जानकारी को बढ़ाने, उन्हें अपग्रेड करने और उनके मोबाइल फोन के माध्यम से उनके संचार कौशल में सुधार करने के लिए डिजाइन किया गया है, जो कम लागत में अधिक प्रभावी और कुशल दोनों है। उन्होंने बताया कि मोबाइल अकादमी कोर्स मोबाइल फोन के माध्यम से कभी भी कहीं भी एक साथ हजारों मितानिनों को प्रशिक्षित कर सकता है। मोबाइल अकादमी में कुल 11 मॉड्यूल होते हैं और प्रत्येक मॉड्यूल की समाप्ति के पश्चात मितानिनों को मोबाइल फोन के माध्यम से कुछ प्रश्नों के उत्तर देने होते हैं। जिले में शत-प्रतिशत मितानिनों ने मोबाइल अकादमी कोर्स पूर्ण कराने में जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. भूमिका वर्मा, जिला डाटा प्रबंधक श्री अखिलेश चोपड़ा, राज्य कार्यक्रम समन्वयक श्री राजा अहमद, संभागीय कार्यक्रम समन्वयक सुश्री जोतशना, जिला डाटा सहायक श्रीमती प्रीति सिंह, जिला मितानिन समन्वयक सुश्री प्रियंका साहू, श्रीमती देवकी वर्मा की विशेष भूमिका रही।

उल्लेखनीय है कि मितानिन कार्यक्रम में राजनांदगांव जिला हमेशा ही अग्रणी रहा है एवं स्वास्थ्य सूचकांकों की बेहतरी के लिए मितानिनों की विशेष सहभागिता रहीं है। मोबाइल अकादमी कोर्स पूर्ण होने से मितानीन अधिक दक्षता से कार्य करेंगी एवं कार्य कुशलता में अधिक गुणवत्ता आयेगी। मोबाइल अकादमी कोर्स की तकनीकी जानकारी एवं मितानिनों को कोर्स में भाग लेने के लिए प्रेरित करने सभी स्वास्थ्य कार्यकर्ता, सुपरवाइजर, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर, मितानीन ट्रेनर्स, कनिष्ठ सचिवालय सहायक, जिला विकासखंड डाटा प्रबंधक, जिला डाटा सहायक का सराहनीय योगदान रहा है।

## महाशिवरात्रि की धूम, शिवालयों में हर-हर महादेव के उद्घोष



राजनांदगांव (दावा) । महाशिवरात्रि पर शुक्रवार को संस्कारधानी समेत पूरे जिले के विभिन्न हिस्सों में शिवालयों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु जलाभिषेक करने के लम्बी-लम्बी कतारों में देखे गये। सुबह से ही शहर के कई मंदिरों में लोग सुबह से ही शिवालयों के बाहर नजर आये। बर्फानी आश्रम, बागेश्वर धाम, शीतला मंदिर, लालबाग में भी श्रद्धालुओं का उत्साह देखने को मिला और मंदिरों में हर हर महादेव के उद्घोष सुनायी दिये।

# त्रिमूर्ति मंदिर शिवालयों मे गुंजा श्री शिवाय नमस्तुभ्यं

राजनांदगांव (दावा) । फाल्गुन कृष्ण पक्ष त्रयोदशी आठ मार्च 2024 शुक्रवार को महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर जी.ई. रोड राजनांदगांव स्थित त्रिमूर्ति मंदिर सहित शिवालयों में भक्तों ने भोले शंकर को जलाभिषेक कर पूजा किए।



भगवान भोले नाथ को भक्तजन सुबह से दूध, दही, घी, शहद, गंगाजल से स्नान कराकर फुडहर, धतुरा, कनेर, बेलपत्र, पुष्प अर्पित कर चंदन-बंदन का लेप कर चांवल, चनादाल, श्रीफल भेंट कर कपूर, अगरबत्ती, दीप से आरती एवं जयकारें से अभिषेक पूजा किए। त्रिमूर्ति मंदिर पूजारी कुंजबिहारी शास्त्री ने जानकारी दी कि श्रीमति लतारानी लाल जे.के. वैष्णव ने भगवान गौरीशंकर की पूजा की। भागवत कथा वाचिका कु. अर्चना वैष्णव ने बाबा भोलेनाथ को प्रसन्न करने वाले मंत्र ऊँ नमः शिवाय का जाप करके बेल पत्र भेंट करते हुये जल अर्पण करने के महत्व को बिल्वाष्टकम स्त्रोत के पाठ करते हुए भगवान शिव को समर्पित करने के पूजा महत्व को बताई।

बिल्वपत्र तीन दल वाला सत्व,रज एवं तमः स्वरूप सूर्य, चंद्र तथा अग्नि त्रिनेत्र स्वरूप और आयुधत्रम स्वरूप तीनों जन्मों के पाप को नष्ट करने वाला बताई है। शिवालयों में महामृत्युंजय मंत्र जाप, शिव तांडव स्त्रोत पाठ, श्री रूद्राष्टकम पाठ के साथ ही ऊँ नमः शिवाय, हर-हर महादेव, श्री शिवाय नमस्तुभ्यं से मंदिर परिसर गुंजित रहा इस अवसर पर भागवत कथा वाचिका कु. अर्चना वैष्णव, कु. नेहा वैष्णव, कु. पूजा वैष्णव ने भक्तिमय श्लोक गीत की प्रस्तुति दी। उक्त जानकारी पुजारी कुंजबिहारी शास्त्री ने दी।

## प्रदेश में मार्च में ही गर्मी तोड़ेगी रिकॉर्ड

राजनांदगांव (दावा)। प्रदेश में लगातार तापमान बढ़ने से गर्मी भी बढ़ते जा रही है। मौसम विभाग के मुताबिक आगामी दिनों में गर्मी और बढ़ने वाली है। आने वाले पांच दिनों में अधिकतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी होगी। इसके साथ ही मौसम शुष्क रहेगा। 15 मार्च तक ही प्रदेश में कुछ क्षेत्रों का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की उम्मीद है।

# डोंगरगढ़ में मंदिर, प्रज्ञागिरी, पिलग्रीम फेसीलिटेशन में 46.17 करोड़ खर्च हुवेः 23 करोड़ का भुगतान शेष



राजनांदगांव (दावा)। प्रसाद योजनांतर्गत मां बम्लेशवरी देवी मंदिर में विकास परियोजना में 46.17 करोड़ रूपए अब तक खर्च हो चुके हैं। कार्य एजेंसी मेसर्स टेलीकम्युनिकेशंस कंसलटेंटस इंडिया लिमिटेड ने उक्त विशाल राशि से मंदिर की सीढ़ियों का जीणोद्धार, सीढ़ियों पर रेलिंग, रोड, पेयजल सुविधा, पगोड़ा मेडिकल रूम, शॉप्स, बायोटायलेट, तालाब विकास सोलर प्रकाशीकरण, पार्किंग एवं ड्रायवर वेटिंग कक्ष, सालिड वेस्ट मैनेजमेंट, साइनेजेस के मरम्मत एवं निर्माण कार्य हुए हैं।

***प्रज्ञागिरी***– इसी प्रकार, प्रज्ञागिरी के विकास कार्यो में मेडिटेशन सेंटर, कैफेटेरिया, पार्किंग एवं गार्डरूप, पेयजल एवं बोरवेल, वाटर टैंक, सीढ़ियों का जीर्णोद्वार, रेलिंग, स्टोन साइनेजेस, सेनिटेशन फिंटिंग एवं सोलर प्रकाशीकरण के कार्य सम्पन्न हुवे हैं।

***पिलग्रीम फैसीलिटेशन सेंटर***– यहां श्री यंत्र भवन प्रवेश द्वार, बाउंड्रीवाल, टायलेट, सोलर प्रकाशीकरण, पार्किंग एवं ड्राइवर्स वेटिंग रूम, पेयजल, साइनेजेस, सीसी रोड, प्रवेश द्वार, एच.वी.ए.सी एवं फायर फाइटिंग, विद्युतीकरण, लैडस्केपिंग कार्य भी उक्त आबंटित लागत राशि में शामिल है। सूचना अनुसार उक्त कार्य एजेंसी को 26 नवम्बर 2020 को कार्यादेश दिया गया था। 2295.56 लाख का भुगतान शेष होना बताया गया हैं।

# छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक ने अनुराधा सिंह का सम्मान






राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक, क्षेत्रीय कार्यालय, राजनांदगाँव द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य पर नारी सम्मान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीमती अनुराधा सिंह (शिक्षिका) रही, जिन्हें शिक्षा के क्षेत्र में मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण एवं राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त है। क्षेत्रीय प्रबंधक संजय द्विवेदी द्वारा श्रीमती अनुराधा सिंह एवं क्षेत्रीय कार्यालय अंतर्गत महिला सेवायुक्तों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संजय द्विवेदी, भवनीत सिंह भाटिया, दिनेश क्षीरसागर एवं अन्य सेवायुक्त उपस्थित रहें।

# भाजपा ने छत्तीसगढ़ के यादव समाज को किया निराश-रमेश यदु



राजनांदगांव (दावा)। प्रदेश के 11 लोकसभा सीटों में यादव समाज को एक भी टिकट नहीं दिए जाने पर सर्व यादव समाज के प्रदेश अध्यक्ष रमेश यदु ने कहा के भाजपा द्वारा लगातार यादव समाज की भावनाओं का कुठाराघात किया गया, उपेक्षा की गई जिससे छत्तीसगढ़ के यादवों में भाजपा के प्रति काफी रोष व्याप्त है। ज्ञात हो कि कुछ दिन पूर्व ही यादव समाज ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सहित अन्य राष्ट्रीय पदाधिकारी और छत्तीसगढ़ प्रदेश के पदाधिकारियों को पत्र के माध्यम से और प्रत्यक्ष मिल कर लोकसभा में यादव समाज से एक टिकिट देने की मांग दोहराई थी। जिसे मानते हुए भाजपा ने यादव समाज एक टिकिट देने का आश्वासन भी दी थी।

रमेश यदु ने आरोप लगाया है कि छत्तीसगढ़ के भाजपा नेताओं द्वारा यादव समाज की उपेक्षा जानबूझ कर किया जा रहा है जिससे यादव समाज में आक्रोश है। श्री यदु ने कहा कि जिस तरह से प्रदेश बॉडी में एक भी यादवों को पदाधिकारी नहीं बनाना यहां तक कि जिला स्तर में भी प्रमुख पदों पर एक भी यादवों को पदाधिकारी नही बनाया जाना ये साबित होता है कि भाजपा द्वारा जानबूझ यादव समाज की उपेक्षा की जा रही है। विधानसभा चुनाव में भी समाज ने 5 सीट मांगी थी जिसे नजर अंदाज किया गया और जिसे दिया गया भी उसे हराने में भाजपा के आला पदाधिकारी लगे रहे।

श्री यदु ने कहा कि प्रदेश में लगभग 35 लाख यादव समाज के लोग निवासरत है एवं शासन द्वारा जारी क्वांटिफायबल डाटा में भी पिछड़ा वर्ग की जनसंख्या प्रदेश में यादव समाज का दूसरा स्थान है, फिर भी लोकसभा में टिकट नहीं दिया गया है, विधानसभा चुनाव में यादव समाज भाजपा का समर्थन करते हुए सरकार बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, विशेष कर सरगुजा, बिलासपुर संभाग सहित अन्य सभी विधानसभा पर भाजपा का समर्थन किया था।

रमेश यदु ने बताया कि इन सभी बिंदुओं को लेकर 8 मार्च को देवभोग में सभी समाज प्रमुखो की आवश्यक बैठक रखी गई है जिसमें यह निर्णय लिया जाएगा कि यादव समाज की छत्तीसगढ़ भाजपा द्वारा की गई उपेक्षा पर आगे किन स्तर पर लोकसभा चुनाव में अपनी भूमिका तय की जाए? उक्त जानकारी सर्व यादव समाज के कोषाध्यक्ष रीतेश यादव ने दी।

# शहर को संवारने भाजपा सरकार से मिली 5 करोड़ से अधिक की सौगात–किशुन यदु

## नेता प्रतिपक्ष ने आभार माना, कहा- कांग्रेस शासन में जूझता रहा शहर अब चमन बनेगा

राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम राजनांदगांव मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार से तकरीबन सवा 5 करोड़ के निर्माण कार्यो की स्वीकृति मिली है। नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु ने जानकारी देते हुए बताया कि शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्रालय से तीन अलग-अलग स्वीकृति आदेशों में अधोसंरचना मद और 15वें वित्त के तहत करोड़ों के कार्य हेतु राशि मिली है।

नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु ने कहा कि ङ्क पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार में शहर पांच सालों तक फंड के लिए जूझता रहा। लेकिन भाजपा सरकार ने अपने तीन महिने के संक्षिप्त कार्यकाल में ही शहर की दशा-दिशा बदलने के लिए बड़ी और आवश्यक स्वीकृतियां दी हैं। इससे शहर का विकास दोगुनी रफ्तार से होगा। नगर की सड़कें, नालियां, शौचालय, भवन निर्माण तेज गति से होंगे। उन्होंने कहा कि बीते महिनों में भाजपा पार्षद दल ने उपमुख्यमंत्री अरुण साव से मुलाकात कर शहर की स्थिति से उन्हें अवगत कराते हुए विकास कार्यों के लिए स्वीकृति का निवेदन किया था। उन्होंने तब भी शहर के विकास में किसी तरह का विघ्न न आने का आश्वासन दिया था और जल्द ही प्रस्तावित कार्यों के लिए राशि प्रदाय किए जाने की बात कही थी। यदु ने कहा कि करोड़ों की इस स्वीकृति से शहर की अधोसंरचना मजबूत होगी।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, सांसद संतोष पांडे व पूर्व सांसद मधुसूदन यादव, अभिषेक सिंह व रमेश पटेल का आभार व्यक्त करते हुए किशुन यदु ने कहा कि इन स्वीकृतियों और शहर के विकास के लिए भाजपा समर्पित है। स्थानीय विधायक व विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह की मंशा इस शहर को उन्नत और विकसित बनाने की रही है। इस दिशा में भाजपा की सरकार में प्रयास और भी तेज होंगे। शासन ने अधोसंरचना मद से 54 लाख 65 हजार के तहत वार्ड क्रं. 15 डॉ. बल्देवप्रसाद मिश्र वार्ड में सखी सेंटर के पास माखियार समाज सामुदायिक 6.50 लाख, वार्ड क्रं. 44 में कमला कॉलेज के पीछे सी.सी. रोड निर्माण कार्य 5.00 लाख, वार्ड क्रं. 34 कन्हारपुरी में सतनाम चौक के पास सामुदायिक भवन निर्माण कार्य 6.50 लाख, वार्ड क्रं. 34 कन्हारपुरी में गुरूघासीदास भवन के पास शौचालय निर्माण कार्य 5.15 लाख, वार्ड क्रं. 41 झुलेलाल वार्ड में बसंतपुर साहू सदन जिला अस्पताल के पास डोम निर्माण 10.लाख, वार्ड 01 बजरंगपुर नवागांव के तालाब के पास सामुदायिक भवन निर्माण कार्य 6.50 लाख, वार्ड क्रं. 03 मोतीपुर तालाब के नीचे चंदन नगर में नाली निर्माण कार्य 5.00 लाख, वार्ड क्रं.40 में गौरवपथ से समता भवन के पीछे तक नाला निर्माण कार्य10.00 लाख की स्वीकृति दी है।



इसके अलावा अधोसंरचना मद से एक करोड़ 26 लाख 28 हजार रुपए की स्वीकृति मिली है। इसके तहत वार्ड क्रं. 32 विकास नगर लखोली में गार्डन के पास सामुदायिक भवन निर्माण कार्य 20 लाख, वार्ड क्रं. 19 वर्धमान नगर इंडस्ट्रीयल एरिया में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य 25.00 लाख, वार्ड क्रं. 03 मोतीपुर मिडिल स्कूल के पास सामुदायिक भवन निर्माण कार्य 25.00 लाख, वार्ड क्रं. 02 नवागांव रविदास पारा में स्थित सामुदायिक भवन में बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य 15.00 लाख, वार्ड क्रं. 23 सहदेव नगर (अनुपम नगर) पंजवानी घर के बाजू में उद्यान निर्माण कार्य 25.00 लाख, वार्ड क्रं. 24 सिंधी कालोनी लालबाग गली नं. 01 में पी.सी.सी. सडक निर्माण कार्य 10 लाख, वार्ड क्रं. 24 सिंधी कालोनी लालबाग गली नं. 01 में प्रजापति ब्रह्मकुमारी के बाजू गार्डन निर्माण कार्य 6.28 लाख के निर्माण कार्य होगी। सबसे ज्यादा बड़ी स्वीकृति 15वें वित्त आयोग के तहत स्वीकृत कामों के लिए मिली है। इस मद से 3 करोड़ से अधिक के विकास कार्य किए जाएंगे।

इसमें वार्ड क्रं. 1 चौबे तालाब के पास राहुल चौबे से धांसू साहू तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य 10.00 लाख, वार्ड क्रं. 2 में सामुदायिक भवन से बरबटी कुंआ तक नाला निर्माण कार्य 10.00 लाख, वार्ड क्रं. 3 रवि दास मोहल्ले में युवराज जगने से शिव मंदिर तक नाला निर्माण कार्य 15.00 लाख, वार्ड क्रं. 7 अमित चंद्रवंशी के घर से शीतला मंदिर तक पीसीसी रोड निर्माण कार्य 10.00 लाख, वार्ड क्रं. 8 कृष्णा के घर से रामकुमार घर तक एवं मोतीपुर तालाब के पास सी.सी. एवं रोड निर्माण कार्य 15.00 लाख, वार्ड क्रं. 9 शंकरपुर हास्पीटल के पास एवं सुलभ शौचालय के पास नाली एवं पी.सी.सी. रोड निर्माण कार्य 17.03 लाख, वार्ड क्रं. 15 दावा प्रेस से एसएलआरएम सेंटर तक पीसीसी रोड निर्माण कार्य 7.29 लाख, वार्ड क्रं. 16 में जिला पंचायत कार्यालय के पीछे एवं सिविल लाईन के पास नाली निर्माण कार्य 19.32 लाख, वार्ड क्रं. 18 में प्रिंसेस अपार्टमेंट के पीछे डीवाय घर से पटवारी घर तक एवं शिलाथीजन स्कूल से एकता चौक तक पीसीसी रोड निर्माण कार्य 10.00 लाख, वार्ड क्रं. 24 लालबाग गली नंबर 10 में नाली निर्माण कार्य 10.00 लाख, वार्ड क्रं. 26 में जुनी हटरी में विजय करने के घर से जुगल किशोर घर तक सी.सी. रोड एवं नाली निर्माण कार्य 10 लाख, वार्ड क्रं. 28 अग्रसेन भवन के पास चबूतरा से कैलाश लॉज तक पीसीसी रोड निर्माण एवं आरसीसी नाली निर्माण कार्य 10.00 लाख, वार्ड क्रं. 31 केसर नगर सुधांशु जोशी घर से घनश्याम वाल्मिकी एवं साहू के घर से चंद्राकर घर तक सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्य10.00 लाख, वार्ड क्रं. 34 में अमरनाथ साहू के घर से मस्जिद तक नाला निर्माण कार्य 15.00 लाख, वार्ड क्रं. 36 में संजय नगर गार्डन क्षेत्र कोसरे मोहल्ला, दुर्गा चौक से हनुमान 15 मंदिर तक पीसीसी रोड निर्माण कार्य एवं मनीष यदु जीतु महोबिया घर तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य 10.00 लाख, वार्ड क्रं. 37 में नेपाली गली, तेली पारा, रामदेव बाबा मंदिर से सुरेश नाई घर तक नाली निर्माण कार्य 10.00 लाख, वार्ड क्रं. 38 दिग्विजय वार्ड गांधी चौक से किल्लापारा तक नाला निर्माण कार्य 10.00 लाख, वार्ड क्रं. 40 बर्फ फैक्ट्री से हाट बाजार तक नाला निर्माण कार्य 10.00 लाख, वार्ड क्रं. 43 प्रभा नगर में सेवक साहू के घर से मोरध्वज साहू घर तक जल धारा चौक में माखन बढ़ाई घर से पुन्ना राम के घर तक और राजू मानिकपुरी के घर से पोखन साहू, घर तक शिकारी पारा में सी.सी. रोड एवं पाथवे निर्माण कार्य 10.00 लाख, वार्ड क्रं. 44 बजरंग चौक में कृष्णा मंदिर तक नाला निर्माण कार्य 10.00 लाख, वार्ड क्रं. 45 अटल आवास 150 क्वार्टर क्षेत्र से आंगन बाड़ी तक नाली एवं रोड निर्माण कार्य 10.00 लाख, वार्ड क्रं. 48 कोठार पारा एवं गोड पारा में मनीष यदु से टाम सर के घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य 10.00 लाख, वार्ड क्रं. 50 सिंगदई ठाकुरदेव स्थल से सोहन चकधारी के घर मुक्तिधाम रोड सिंगदई में पीसीसी रोड निर्माण कार्य 10.00 लाख, वार्ड क्रं. 19 वर्धमान नगर में शिव मंदिर के पास से रामजी भारती के घर तक नाली निर्माण कार्य 19.50 लाख, चिखली वार्ड क्रं. 06 चिखली थाना के पीछे से खैरागढ़ रोड तक नाला निर्माण कार्य 39.53 लाख, वार्ड क्रं. 19 शक्तिनगर 18 एकड़ से सागर गोलछा से लालू पटेल घर तक नाली निर्माण कार्य 19.83 लाख, वार्ड क्रं. 19 वर्धमान नगर मदन जैन के घर तक शरद वर्मा के घर पीसीसी. रोड निर्माण कार्य 19.86 लाख के निर्माण किए जाएंगे।

## अनमोल दावा

> **पतझड़ हुए बिना पेड़ों पर नए पत्तक नहीं आते, उसी तरह कठिनाई और संघर्ष सहे बिना, अच्छे दिन नहीं आते।**

# वन्य जीव संरक्षण को लेकर सरकारें कितनी गंभीर ?

वन्य जीव संरक्षण को लेकर सरकारें और इससे जुड़े महकमे कितने गंभीर हैं, इसका अंदाजा उत्तराखंड के जिम कार्बेट बाघ आरक्षित क्षेत्र में बड़े पैमाने पर पेड़ों की कटाई और अवैध निर्माण से लगाया जा सकता है। इस मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने तत्कालीन वनमंत्री और उप-वन अधिकारी को कड़ी फटकार लगाई है।

गौरतलब है कि जिम कार्बेट में वनमंत्री रहते हरख सिंह रावत ने चिड़ियाघर से बाघ लाकर बसाने के नाम पर आरक्षित क्षेत्र में बड़े पैमाने पर पेड़ों की कटाई कराई और अनावश्यक निर्माण शुरू करा दिए। उसमें वनमंत्री के चहेते तत्कालीन उप-वन अधिकारी और दूसरे अफसर भी शामिल थे। अदालत ने उस इलाके में सफारी यानी सैर-सपाटे पर रोक लगाते हुए सीबीआइ से तीन महीने के भीतर वहां की स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने को कहा है।

वन्यजीव संरक्षण कानून के मुताबिक वन क्षेत्रों में किसी भी तरह की अवैध गतिविधि के खिलाफ कड़े दंड के प्रावधान हैं। मगर विचित्र है कि उत्तराखंड के तत्कालीन वनमंत्री ने जिम कार्बेट में सारे कानूनों को ताक पर रख दिया। हालांकि जिम कार्बेट का मामला न तो नया है, न अकेला। देश में शायद ही ऐसा कोई अभयारण्य, वन्यजीव संरक्षण क्षेत्र या विशेष पशुओं के लिए आरक्षित क्षेत्र हो, जहां अतिक्रमण, व्यावसायिक गतिविधियां चलाने और पेड़ों की कटाई आदि की शिकायतें न मिलती रही हों।

दरअसल, सैलानियों को आकर्षित करने के मकसद से बहुत सारे अभयारण्यों, वन्यजीव आरक्षित क्षेत्रों पर व्यवसायियों की नजर लगी रहती है। वे सरकार से नजदीकी गांठ कर उन क्षेत्रों में रहने, ठहरने, मनोरंजन, सैर-सपाटे वगैरह के सरंजाम जुटाने का प्रयास करते देखे जाते हैं। अनेक अभयारण्यों के सुरक्षित क्षेत्रों के भीतर अतिथि गृह, मोटेल, रेस्तरां, सफारी, मनोरंजन की जगहें बना ली गई हैं।

राजस्थान, मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश, असम आदि के अभयारण्यों में अतिक्रमण की अनेक पुरानी शिकायतें हैं। उन पर विवाद उठते रहे हैं, अदालत में भी उन्हें हटाने की गुहार लगाई जाती रही, मगर वन अधिकारियों की कृपा से उनके कारोबार पर आंच नहीं आ पाती। जिम कार्बेट के बाहरी क्षेत्र में भी ठहरने, मनोरंजन और खानपान की ऐसी कई जगहें बना ली गई हैं। ऐसी गतिविधियों से उन इलाकों में तेज शोर, रोशनी और वाहनों आदि की आवाजाही के चलते न केवल वन्यजीवों की स्वाभाविक दिनचर्या बाधित होती, बल्कि वे हर समय भयभीत रहते हैं। उनके खानपान, प्रजनन आदि की आदतें बदल जाती हैं। इस तरह अभयारण्य उनके लिए भयारण्य बन जाता है। इससे वन्यजीव संरक्षण का मकसद भी नहीं सध पाता।वन्यजीव संरक्षण के लिए आरक्षित क्षेत्रों में व्यावसायिक गतिविधियां चलाने और उनमें लोगों की आवाजाही बढ़ने से वन्यजीवों का शिकार और उनके अंगों का अवैध कारोबार करने वालों की पैठ भी आसान हो जाती है। निर्माण के नाम पर पेड़ों की कटाई दरअसल, लकड़ी कारोबारियों को लाभ पहुंचाने के मकसद से कराई जाती है।

इससे वहां का पारिस्थितिकी तंत्र असंतुलित होता और वन्यजीवों के रहवास पर बुरा असर पड़ता है। ऐसा नहीं माना जा सकता कि जिम कार्बेट में पेड़ों की कटाई और अतार्किक निर्माण कराने से पहले इन बातों की जानकारी मंत्री महोदय और संबंधित अधिकारियों को नहीं रही होगी। मगर उन्हें अपना स्वार्थ सबसे ऊपर नजर आया।

# खुद की हत्या करना जैसा है धूम्रपान का आदी होना

**- ललित गर्ग -**



हर साल मार्च महीने के दूसरे बुधवार को धूम्रपान निषेध दिवस यानी नो स्मोकिंग डे मनाया जाता है। धूम्रपान के दुष्प्रभावों के बारे में लोगों को बताने और धूम्रपान छोड़ने के लिए लोगों को प्रेरित करने के लिए यह दिवस मनाया जाता है। इस साल धूम्रपान निषेध दिवस 13 मार्च को पड़ेगा। साल 2024 की थीम बच्चों को तंबाकू प्रोडक्ट्स से बचाना है। पहली बार साल 1984 में आयरलैंड गणराज्य में यह दिवस मनाया गया था। मगर ऐसे दिवस को मनाने की उपयोगिता तभी है जब नशे की अंधी गलियों में भटक चुके युवाओं को बाहर निकालना विश्व की हर सरकार का नैतिक एवं प्राथमिक कर्तव्य हो, क्योंकि युवा पीढ़ी नशे की गुलाम हो चुकी है। विश्व की गम्भीर समस्याओं में प्रमुख है तम्बाकू और उससे जुड़े नशीले पदार्थों का उत्पादन, तस्करी और सेवन में निरन्तर वृद्धि होना। चिकित्सा रिपोर्ट्स के अनुसार धूम्रपान को कैंसर और अन्य असाध्य बीमारियों का कारण माना गया है। शोधकर्ताओं के मुताबिक धूम्रपान निषेध दिवस कारगर साबित हुआ है क्योंकि इस दिन दस लोगों में से कम से कम एक व्यक्ति धूम्रपान छोड़ता है। अमेरिकन राइटर कर्ट वोनगुट कहते हैं कि सिगरेट पीना खुद की हत्या करना जैसा है। तंबाकू या धूम्रपान व्यक्ति के मानसिक स्वास्थ्य के साथ ही शारीरिक सेहत पर भी नकारात्मक असर डालता है। हालांकि ये बात जानते हुए भी दुनियाभर में बड़ी संख्या में लोग किसी न किसी रूप से तंबाकू का सेवन कर रहे हैं। धूम्रपान करने से कई गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं होती हैं। फेफड़ों का कैंसर होने की संभावना बढ़ जाती है। धूम्रपान करने वाले लोगों के संपर्क में आने से भी अस्थमा, ब्रोंकाइटिस और निमोनिया जैसी बीमारियों से ग्रसित हो सकते हैं। नई पीढ़ी इस जाल में बुरी तरह कैद हो चुकी है। आज हर तीसरा व्यक्ति विशेषतः महिलाएं किसी-न-किसी रूप में धूम्रपान की आदी हो चुकी है। बीढ़ी-सिगरेट के अलावा तम्बाकू के छोटे-छोटे पाउचों से लेकर तेज मादक पदार्थों, औषधियों तक की सहज उपलब्धता इस आदत को बढ़ाने का प्रमुख कारण है। इस दीवानगी को ओढ़ने के लिए प्रचार माध्यमों ने भी भटकाया है। सरकार की नीतियां भी दोगली है। एक नशेड़ी पीढ़ी का देश कैसे आदर्श हो सकता है? कैसे स्वस्थ हो सकता है? कैसे प्रगतिशील हो सकता है? यह समस्या केवल भारत की ही नहीं है, बल्कि समूची दुनिया इससे पीड़ित, परेशान एवं विनाश के कगार पर खड़ी है।



आज छोटे-छोटे बच्चे एवं महिलाएं धूम्रपान के आदी हो चुके हैं। वे ऐसे नशे करती है कि रुह कांपती है। हर साल लाखों लोग धूम्रपान के कारण अपना जीवन दांव पर लगा रहे हैं। धूम्रपान आज एक फैशन बन चुका है। पूरे विश्व के लोगों को धूम्रपान मुक्त, तंबाकू मुक्त और स्वस्थ बनाने के लिये तथा सभी स्वास्थ्य खतरों से बचाने के लिये तंबाकू चबाने या धूम्रपान के द्वारा होने वाले सभी परेशानियों और स्वास्थ्य जटिलताओं से लोगों को आसानी से जागरूक बनाने के लिये इस दिवस की महत्वपूर्ण भूमिका है। लेकिन यह विडम्बनापूर्ण है कि सरकारों के लिये यह दिवस कोरा आयोजनात्मक है, प्रयोजनात्मक नहीं। क्योंकि सरकार विवेक से नहीं, स्वार्थ से काम ले रही है। शराबबन्दी का नारा देती है, नशे की बुराइयों से लोगों को आगाह भी करती है और शराब, तम्बाकू का उत्पादन भी बड़ा रही है। राजस्व प्राप्ति के लिए जनता की जिन्दगी से खेलना क्या किसी लोककल्याणकारी सरकार का काम होना चाहिए? नशे की संस्कृति युवा पीढ़ी को गुमराह कर रही है। अगर यही प्रवृत्ति रही तो सरकार, सेना और समाज के ऊंचे पदों के लिए शरीर और दिमाग से स्वस्थ व्यक्ति नहीं मिलेंगे। नशे की यह जमीन कितने-कितने आसमान खा गई। विश्वस्तर की अनेक प्रतिभाएं कीर्तिमान तो स्थापित कर सकती हैं, पर नई पीढ़ी के लिए स्वस्थ विरासत नहीं छोड़ पा रही हैं। जीवन का माप सफलता नहीं, सार्थकता होती है। सफलता तो गलत तरीकों से भी प्राप्त की जा सकती है। जिनको शरीर की ताकत खैरात में मिली हो वे जीवन की लड़ाई कैसे लड़ सकते हैं? ये बहुत जरूरी है कि वैश्विक स्तर पर तंबाकू सेवन के प्रयोग पर बैन लगाया जाये या इसे रोका जाये क्योंकि ये कई सारी बीमारियों का कारण बनता है जैसे दीर्घकालिक अवरोधक फेफड़ों संबंधी बीमारी (सीओपीडी), फेफड़े का कैंसर, हृदयघात, स्ट्रोक, स्थायी दिल की बीमारी, वातस्फीति, विभिन्न प्रकार के कैंसर आदि। तंबाकू का सेवन कई रूपों में किया जा सकता है जैसे सिगरेट, सिगार, बी?ी, मलाईदार तंबाकू के रंग की वस्तु (टूथ पेस्ट), क्रिटेक्स, पाईप्स, गुटका, तंबाकू चबाना, सुर्ती-खैनी (हाथ से मल के खाने वाला तंबाकू), तंबाकू के रंग की वस्तु, जल पाईप्स, स्नस आदि। कितने ही परिवारों की सुख-शांति ये तम्बाकू उत्पाद नष्ट कर रहे हैं। बूढ़े मां-बाप की दवा नहीं, बच्चों के लिए कपड़े-किताब नहीं, पत्नी के गले में मंगलसूत्र नहीं, चूल्हे पर दाल-रोटी नहीं, पर नशा चाहिए। अस्पतालों के वार्ड ऐसे रोगियों से भरे रहते हैं जो अपनी जवानी नशे को भेंट कर चुके होते हैं। ये तो वे उदाहरणों के कुछ बिन्दु हैं, वरना करोड़ों लोग अपनी अमूल्य देह में बीमार फेफड़े और जिगर लिए एक जिन्दा लाश बने जी रहे हैं पौरुषहीन भीड़ का अंग बन कर। डब्ल्यूएचओ के अनुसार धूम्रपान की लत से हर साल लगभग 80 लाख लोग मारे जा रहे हैं और इनमें से अधिकतर मौतें कम तथा मध्यम आय वाले देशों में हो रही हैं। डब्ल्यूएचओ ने पनामा में एक सम्मेलन में अपनी रिपोर्ट में बताया है कि अगर ऐसा ही चलता रहा तो वर्ष 2030 में प्रति वर्ष धूम्रपान की वजह से मारे जाने लोगों की संख्या बढ़कर एक करोड़ के आसपास हो जाएगी। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि 92 देशों के 2.3 अरब लोगों को धूम्रपान पर किसी न किसी तरह लगाए गए प्रतिबंधों से लाभ हुआ है। मतलब साफ है कि आने वाले समय में इनमें से सबसे ज्यादा नुकसान भारत को ही होने जा रहा है। सिगरेट या बीढ़ी का धुआं किसी मजहब और प्रांत को नहीं पहचानता, किसी आरक्षण या राजनीतिक झुकावों को नहीं जानता। वह किसी अमीर और गरीब में भी भेद नहीं करता, उसका सबके लिए एक ही मेसेज है, और वह है मौत। किन्तु दुर्भाग्यवश इस गलत आदत को स्टेटस सिंबल मानकर अक्सर नवयुवक एवं महिलाएं अपनाते हैं और दूसरों के सामने इसे अपने स्टेटस सिम्बल, आधुनिकतावादी एवं फैशनपरस्ती के रूप में दिखाते हैं। धूम्रपान दरअसल एक लत है जिससे जब तक व्यक्ति दूर रहता है तब तक तो वह ठीक रहता है लेकिन एक बार यदि इसे प्रारम्भ कर दिया जाए तो इंसान को इस नशे में मजा आने लगता है। कुछ कहने-सुनने से पहले यह जान लें कि धूम्रपान हर दृष्टि से हानिकारक है, जानलेवा है। धूम्रपान से रक्तचाप में वृद्धि होती है, रक्तवाहिनियों में रक्त का थक्का बन जाता है। ऐसे लोगों में मृत्यु दर 2 से 3 गुना अधिक पाई जाती है। धूम्रपान से टीबी होता है। कई ऐसे हॉलिवुड सिंगर्स हैं जिन्होंने इस बात को स्वीकार किया कि अधिक धूम्रपान करने से उनकी आवाज खराब हुई। इससे प्रजनन शक्ति कम हो जाती है। यदि कोई गर्भवती महिला धूम्रपान करती है तो या तो शिशु की मृत्यु हो जाती है या फिर कोई विकृति उत्पन्न हो जाती है। लंदन के मेडिकल जर्नल द्वारा किये गये नए अध्ययन में पाया गया कि धूम्रपान करने वाले लोगों के आसपास रहने से भी गर्भ में पल रहे बच्चे में विकृतियाँ उत्पन्न हो जाती हैं। हार्वर्ड मेडिकल स्कूल के डॉ. जोनाथन विनिकॉफ के अनुसार, गर्भावस्था के दौरान माता-पिता दोनों को स्मोकिंग से दूर रहना चाहिए। स्कूलों के बाहर नशीले पदार्थों की धडल्ले से बिक्री होती है, किशोर पीढ़ी धुए में अपनी जिन्दगी तबाह कर रही है। हजारों-लाखों लोग अपने लाभ के लिए नशे के व्यापार में लगे हुए हैं और राष्ट्र के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। चमड़े के फीते के लिए भैंस मारने जैसा अपराध कर रहे हैं। बढ़ती तम्बाकू प्रचलन की समस्या विश्व की दूसरी समस्याओं में सबसे देरी से जुड़कर सबसे भयंकर रूप से मुखर हुई है। लगता है विश्व जनसंख्या का अच्छा खासा भाग नशीले पदार्थों के सेवन का आदी हो चुका है। अगर आंकड़ों को सम्मुख रखकर विश्व मानचित्र (ग्लोब) को देखें, तो हमें सारा ग्लोब नशे में झूमता दिखाई देगा। प्रेषकः

लेखक, पत्रकार, स्तंभकार
ई-253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट
25 आई. पी. एक्सटेंशन, पटपड़गंज, दिल्ली-92
फोनः 22727486, 9811051133

# मन में बसे हैं राम 89 : ब्रह्मांड की संतुलनकारी अदृश्य शक्ति शेषनाग के अवतार श्री लक्ष्मण जी

**डॉ.योगेंद्र कुमार पांडेय**



जब राजा जनक ने धरती के समस्त राजाओं की वीरता के संबंध में निराशा व्यक्त की तो लक्ष्मण जी स्वयं पर नियंत्रण नहीं रख पाए और क्रोध में अपने आसन से उठकर खड़े हो गए। क्षीरसागर में भगवान विष्णु,शेषनाग जी की शय्या पर विराजमान होते हैं। यह संपूर्ण ब्रह्मांड की संतुलन की अवस्था है, जिसमें एक महासर्प के आकर के परिभ्रमण पथ पर आकाशगंगा के सभी ग्रहों और नक्षत्रों का आंतरिक संतुलन स्थापित है। श्री हरि विष्णु आकाशगंगा के इस संपूर्ण चेतन तत्व के विराट प्रकटीकरण हैं तो शेष नागजी उनके द्वारा ब्रह्मांड में उत्पन्न आकर्षण और संतुलन की अंतर्शक्ति। इस आकाशगंगा के शीर्ष भाग की ओर जीवन की सर्वाधिक अनुकूल परिस्थितियां हैं और जहां अनंत फणों रूपी खगोलीय पिंडों के मध्य पृथ्वी सुरक्षित,सजीव और संतुलित है।



जैसे शेषनाग जी ने पृथ्वी को अपने अनंत फणों के मध्य उठा रखा हैज.. अदृश्य शेषनाग जी और उनके मध्य संतुलित पृथ्वीज..लक्ष्मण जी,शेष नाग के ही तो अवतार हैं। उनके एक अंश।

लक्ष्मण जी सब कुछ सहन कर सकते हैं लेकिन अपने ज्येष्ठ भ्राता श्री राम का अपमान नहीं। उनकी दृष्टि में महाराज जनक ने इस धरती को वीरों से रहित होने का संकेत कर उनका अपमान ही तो किया है। श्री राम पर हुए इस आक्रमण को लक्ष्मण जी ने व्यक्तिगत आक्षेप माना और इसका जवाब देने के लिए न उन्हें अपने गुरु विश्वामित्र की अनुमति की जरूरत है, और न अपने ज्येष्ठ भ्राता श्री राम की।

उन्होंने विश्वामित्र जी और श्री राम को हाथ जोड़कर प्रणाम किया। जब महाराज जनक स्वयंवर सभा के असफल होने की घोषणा करने जा रहे थे, तो सभा का समस्त राजकीय शिष्टाचार स्वतः ही निष्प्रभावी हो रहा है'..। लक्ष्मण जी ने सोचा, धरती में अब शक्तिशाली योद्धा और बलशाली पुरुष शेष ही नहीं रहे हैं, ऐसा कह कर महाराज जनक इस सभा में उपस्थित लोगों की प्रतिक्रिया ही आमंत्रित कर रहे हैं। अपने ऐसे विचार व्यक्त कर उन्होंने जनोन्मुखी बात ही कही है। बाद में कोई उन्हें इस बात के लिए दोष नहीं देगा कि उन्होंने अचानक सभा की कार्यवाही समाप्त कर दी।

जनक जी द्वारा अपनी बात रखने की प्रतिक्रिया में हर व्यक्ति अपनी बात रखने को स्वतंत्र था, लेकिन अन्य राजाओं में इसका सामर्थ्य नहीं था। लक्ष्मण जी के जीवन पर श्री राम का गहरा प्रभाव है। लक्ष्मण जी के आदर्श तो भगवान श्री राम ही हैं। भगवान राम स्वयं उठ खड़े होंगे नहीं और गुरु विश्वामित्र का स्वाभिमान यह है कि वे अपनी ओर से स्वयंवर सभा की प्रक्रिया में कोई हस्तक्षेप नहीं करेंगे, अन्यथा लोग यही कहेंगे कि विश्वामित्र जी ने इस पूरे आयोजन को अपने प्रभाव में ले लिया है। ऐसे में अगर कोई अपनी बात रखने को स्वतंत्र है, तो वे साहसी लक्ष्मण जी ही हैं।

लक्ष्मण जी क्रोध में उठ खड़े हुए तो एकबारगी ऐसा लगा कि ब्रह्मांड की शक्ति का संतुलन आज बिगड़ न जाए, लेकिन लक्ष्मण जी क्रोध में होने पर भी संयत हैं।वे मानव रूप में हैं।

(भगवान श्री विष्णु के मनुज अवतार भगवान श्री राम और माता सीता की कथा हजारों वर्षों से भारतीय जनमानस में प्रचलित है।संस्कृत और हिंदी साहित्य से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं में अब तक सैकड़ों रामायण लिखी गई हैं।लेखक ने इस मौलिक रचना में रामकथा का मूल कथा सूत्रों के रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए एक साधारण भक्त की अपनी कल्पनादृष्टि से साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

## कविता

### समर चुनावी



**जंग हो या प्यार जीतने के लिए,**
**कड़ी मेहनत, इच्छा शक्ति चाहिए।**
**एक जंगी मुकाबला अप्रैल में है,**
**प्रबल इच्छा तो है शक्ति चाहिए।**

गजेंद्र बख्शी
रिद्धि सिद्धि कालोनी
फेस 3 राजनादगांव 9827184147

## कविता

### पहचान

इंसान की पहचान
उसके अच्छे कर्मों से होती है।
नाम कितना भी अच्छा हो,
नाम से कुछ नही होता,
उसके कर्म अच्छे होने चाहिए।
राशि तो कृष्ण और कंश का भी एक था
भगवान राम और रावण का भी एक था
पर क्या दोनो एक समान हो गये।
नही!! फर्क था उन दोनो में!
राम और कृष्ण के कर्म महान थे
पर कंश और रावण के कर्म महान नही थे।
फर्क तो नीचता और उच्चता की होती है
फर्क तो निकृष्ठता और उच्चता की होती है।
हम अपने आप को जानें परखें
अपने गिरहबान को झाँकें
क्या हमारे अपने कर्म अच्छे हैं?
क्या हमारे कर्म उच्च आदर्श वाले हैं?
यदि अच्छे हैं तो निश्चिचित ही
हमारी पहचान एक अच्छे इंसानों में होती है।
अन्यथा हम नाम मात्र के हैं।



अशोक पटेल

## कविता

### मोदी जी के गैरेन्टी

देख हमर देश म रामलला आगे,
छत्तीसगढ़ म साय ह छागे।
किसान मन हर बोनस पागे,
आनी बानी के योजनाले भाग जागगे।
दाई दीदी बर महतारी वंदन,
खाता खुलगे सबके जनधन।
पईसा मिलत हे देखो दनदन,
मोदी जी ल सब करव अभिनंदन।
जल मिशनले मिलत हे पानी,
सुधरजाही सब के जिन्दगानी।
दुश्मन मन अब करत हे मितानी,
लिखबो भारत बन नवा कहानी।
मोदी जी के गैरेन्टी, अऊ विष्णु के सुशासन,
पांच साल ले अऊ खाबोन, फोकट के राशन।
छप्पन इंच के छाती अऊ अंगद कस पाव,
न हाले न डोले, जमगरहा हे आसन।
न छेना लकड़ी के झंझट न आंखी मधुवा।
नई जावन तरिया डबरी, नई जावन कुंवा।
कमा के आही, गरम खाही, सबला मिले हे गेस।
कामबूता बर दीदी मन, जल्दी होगे फरेस।
नोनी मनबर सुकन्या योजना,
बर बिहाव बर अऊ का सोचना।
खुश हे चैती, खुश हे बन्टी,
इही तो हरे मोदी जी के गैरेन्टी।




आनंदराम साहू (सार्वा)
कु.बो.भाठागांव

## शब्द सामर्थ्य -357

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**
1. समाप्ति, खात्मा 3. रोगी, बीमार 5. गंभीरता, गहराई 6. बलपूर्वक, जबरदस्ती, व्यर्थ 9. लानत, तिरस्कार सूचक एक शब्द 10. लक्ष्मी, कमला 11. औषधालय 13. नाव खेने का लकड़ी का यंत्र 14. सतह, 'लेवल' 15. बिजली, तड़ित 17. चौकसी, सावधानी, बचाव 19. कहने वाला, वाचनकर्ता 20. सुंदर, अच्छा, बढ़िया 21. लगातार, तड़-तड़ करते हुए।

**ऊपर से नीचे**
1. शरीर का कोई भाग, शरीर प्रकृति का हो, दृढ़, मजबूत 2. खोज-बीन, जांच-पड़ताल 3. वोट देने का हक 4. जो अत्यधिक शक्तिशाली व कठोर 7. बरसात, पावस, बारिश 8. भरना, अटना, अंदर करना 12. घटना, हादसा, दुर्घटना 13. लिबास, पहनने का ढंग 16. नीला वस्त्र पहने वाला, नीला वस्त्र 17. ऐक्य, एक होने का भाव 18. दिल्ली स्थिति प्रसिद्ध जेल।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 356 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वा | स्ता | | | सि | स | की | | |
| जि | | ल | प | ट | | मा | चि | स |
| ब | द | ला | | क | | | ल | |
| | | ट | | नी | ल | क | म | ल |
| ता | ली | | का | | की | | | हू |
| क | | स | रो | का | र | | | लु |
| झां | | ज | बा | न | | म | सी | हा |
| क | च | ना | र | | भा | यां | | न |
| | मं | | | ज | र | दा | | |

## सू- दोकू क्र.357

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| 3 | | | 4 | | | 2 | | |
| | | | | | | | 6 | |
| 6 | | | | | 4 | | | |
| | 9 | | 5 | | | 6 | | 1 |
| | | | | | | | | |
| 4 | | 3 | | | 9 | | | 2 |
| | 8 | | 2 | | | | 7 | |
| 1 | | 2 | | 4 | | 9 | | 6 |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.356का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 6 | 9 | 5 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 3 | 9 | 2 | 8 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 4 | 5 | 2 | 3 | 7 | 6 | 9 | 1 | 8 |
| 2 | 8 | 5 | 4 | 6 | 7 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 9 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 6 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 2 |
| 9 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 7 | 5 |
| 7 | 2 | 8 | 5 | 1 | 3 | 6 | 4 | 9 |
| 5 | 6 | 3 | 7 | 4 | 9 | 8 | 2 | 1 |

## राशिफल



**मेष**
आज आपको वरिष्ठ अधिकारियों से सहयोग मिल सकता है। परिवार में आपके गुणों की प्रशंसा हो सकती है। नयी तकनीक को अपनाने से आपके व्यापार में वृद्धि हो सकती है। साथ ही उत्पादन कार्य भी बढ़ सकता है। अपने पार्टनर के साथ आप डिनर करने का प्रोग्राम बना सकते हैं।



**वृषभ**
आज का दिन खुशियों से भरा रहेगा। बिजनेस के सिलसिले मे आप नये लोगो से मिलेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। आज आपके सीनियर नेता आपके कार्यो की तारीफ कर सकते हैं। आज आपके बच्चे आपको कोई गुड न्युज दे सकते है जिससे आप खुद को गर्व महसूस करेंगे।



**मिथुन**
आज आपको नये लोगों से थोड़ा संभलकर रहना चाहिए। किसी भी काम में घर के बड़ों की सलाह लेना ही बेहतर होगा। पढ़ाई के प्रति आपकी एकाग्रता में कुछ कमी आ सकती है। आपको अपना ध्यान भटकने से बचाना चाहिए। आपकी जिंदगी में कुछ बदलाव आ सकते हैं।



**कर्क**
आज आपका झुकाव किसी नए काम की ओर हो सकता है। करियर के मामले में कुछ चीज़ें बेहतर होने के आसार हैं। बिजनेस में किसी नए ग्रुप से जुड़ने के बारे में विचार कर सकते हैं। हालांकि कोई भी डील करते समय आपको सोच-समझकर ही आगे बढ़ना चाहिए।




**सिंह**
छात्रों के लिए आज का दिन अनुकूल रहने वाला है। साइंस से जुड़े छात्रों के लिए आज का दिन खासतौर पर फायदेमंद रहेगा। आपका कोई रिसर्च वर्क पूरा हो सकता है। माता-पिता के साथ बेहतर संबंध स्थापित होंगे। जॉब के मामले में कोई बड़ा ऑफर मिलने से आपको धन लाभ हो सकता है।



**कन्या**
आज आपका मन प्रसन्न रहेगा। आपको सरकारी कामों में किसी बड़े व्यक्ति की मदद मिलेगी। आप परिवार वालों के साथ शॉपिंग करने जायेंगे। परिवार में सबकी इच्छा पूरी करने में आप सफल रहेंगे। दोस्त आपसे किसी मामले में सलाह कर सकते हैं। आपको कुछ नये बिजनेस प्रपोजल मिल सकते हैं।



**तुला**
आज आपका दिन सामान्य रहेगा। आपको कुछ कामों में सफलता मिल सकती है, लेकिन आज आपको अजनबी लोगों पर भरोसा करने से बचना चाहिए। आपको अपनी योजनाओं के प्रति गोपनीयता बनाये रखने की जरुरत है। मित्रों से मिलने आप उनके घर जा सकते हैं। आपकी दोस्ती और भी अधिक मजबूत होगी।



**वृश्चिक**
आज आपका दिन अच्छा रहेगा। किसी काम में आपको भाई-बहन का सपोर्ट मिल सकता है। अपने परिवार के साथ आप कुछ बेहतरीन पलों का आनंद उठा सकते हैं। कार्यक्षेत्र को लेकर आप लंबी यात्रा कर सकते हैं। आप खुद को एनर्जेटिक महसूस करेंगे। करियर में आपकी तरक्की के रास्ते खुल सकते हैं।



**धनु**
आज आपका दिन शानदार रहेगा। काम के सिलसिले में की गई यात्रा आपके लिए लाभदायक रहेगी। समाज में आपका सम्मान और रुतबा बढ़ेगा। किसी रिश्तेदार के आगमन से घर में खुशी का माहौल बनेगा। पड़ोस के कुछ खास लोगों से आपकी मुलाकात हो सकती है। आपके सोचे हुए काम पूरे होंगे।



**मकर**
आज आपको कोई अच्छी खबर मिल सकती है। ऑफिस में आपको कोई नया काम मिल सकता है, जिसे पूरा करने में आप सफल भी होंगे। शाम को परिवार वालों के साथ मौज-मस्ती में समय बिता सकता हैं।पारिवारिक जीवन खुशहाल बनेगा। आप माता-पिता के साथ किसी धार्मिक स्थल पर जा सकते हैं।



**कुंभ**
आज जीवनसाथी के साथ आपके संबंध मधुर होंगे। कार्यक्षेत्र में आपको कुछ लोगों से पूरा-पूरा सहयोग मिलेगा। आज आपको अचानक धन-लाभ हो सकता है। कुछ दिनों से रुका हुआ काम आज पूरा हो जायेगा। स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन काफी बेहतर रहेगा। किस्मत आप पर मेहरबान रहेगी।



**मीन**
आज अपनी प्रतिष्ठा में वृद्धि लाने के लिए आपको कई अवसर प्राप्त हो सकते हैं। आप अपने जीवन को और बेहतर बनाने के लिए कोशिश करेंगे। घर पर कुछ मेहमान आ सकते हैं, जिससे आपका मन खुश हो जायेगा। जीवनसाथी के साथ तालमेल बना रहेगा। घर की सुख-समृद्धि में बढ़ोतरी हो सकती है।

# खपरीकलार से डोकराभाठा सड़क निर्माण का विक्रांत सिंह ने किया भूमिपूजन

## सड़क बनने से क्षेत्रवासियों को मिलेगी सुविधा

खैरागढ़ (दावा)। छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार बनते ही विकास की रफ्तार तेज हो गई है,वही ग्रामीण क्षेत्रों में पक्की सड़क का जाल बिछना शुरू हो गया है.



केसीजी जिले के खैरागढ़ ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले खपरीकलार से डोकराभाठा तक पक्की सड़क निर्माण कार्य के लिए प्रशासन से प्रशासकीय स्वीकृति मिलने के बाद प्रदेश कार्यसमिति सदस्य व राजनांदगांव जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने ग्राम खपरीकलार पहुचकर ग्रामीणों की मौजूदगी में लगभग 1.84 करोड़ की लागत से बनने वाले सड़क का भूमिपूजन किया।

भूमिपूजन के दौरान ग्रामीणों ने विक्रांत सिंह को बताया कि बरसात के दिनों में डोकराभांठा से खपरीकलार मिट्टी मुरुम सड़क में पानी भर जाने के कारण लगभग 6 माह आवागमन बाधित रहता है, लेकिन अब उक्त सड़क के बन जाने से पढ़ाई करने वाले छात्र-छात्राओं सहित क्षेत्रवासियों को सुविधा उपलब्ध हो जाएगी।

विक्रांत सिंह ने अधिकारियों को कहा कि सड़क निर्माण में गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखा जाए। भूमिपूजन पश्चात ग्राम खपरीकलार में चल रहे शिवमहापुराण कथा में श्रवण करने पहुचे इस दौरान मनबोध साहू, ग्राम पटेल निरन्ता, तिहारु साहू, हेमू सेन, दीनदयाल साहू, आत्मा साहू, मुकुंद साहू, गेंदलाल साहू, फागु, ओमप्रकाश साहू, पलटन, मंगलू, दुवासु साहू सहित ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### राहत मद अंतर्गत सहायता राशि स्वीकृत

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने दैवीय विपत्तियों के संबंध में राहत मद अंतर्गत आपदा प्रभावित को सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। इसके अंतर्गत राजनांदगांव तहसील अंतर्गत सर्पदंश से 1 जनहानि होने पर 4 लाख रूपए, तालाब में डूबने से 2 जनहानि होने पर 8 लाख रूपए, शिवनाथ नदी में डूबने से 1 जनहानि होने पर 4 लाख रूपए एवं डोंगरगांव तहसील अंतर्गत अतिवृष्टि से 2 मकान आंशिक क्षति होने पर 2 लाख 40 हजार रूपए तथा डोंगरगढ़ तहसील अंतर्गत अतिवृष्टि से 6 मकान आंशिक क्षति होने पर 7 लाख 20 हजार रूपए, अतिवृष्टि से 5 मकान आंशिक क्षति होने पर 20 हजार रूपए, मधुमक्खी काटने से 1 जनहानि होने पर 4 लाख रूपए, तालाब में डूबने से 1 जनहानि होने पर 4 लाख रूपए, बांध में डूबने से 1 जनहानि होने पर 4 लाख रूपए की सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

# बाबा महाकाल की शोभायात्रा में झूम उठे शहरवासी

डोंगरगांव (दावा)। नगर में महाशिवरात्रि की शुभ बेला पर शुक्रवार को भगवान महादेव का भव्य शोभायात्रा निकाली गई जो कि नगर के विभिन्न मुख्य मार्गों से होते हुए वापस अपने हनुमान मंदिर में विसर्जित हुई. नगर के महाकाल भक्त मंडली के सौजन्य से प्रतिवर्ष महाकाल यात्रा का आयोजन किया जाता है.



इधर सुबह से ही सभी शिव मंदिरों में भक्तों का तांता लगा रहा. मंदिरों में पूजन, हवन और महाप्रसादी का वितरण किया गया. वहीं देर रात तक महादेव का अभिषेक और अन्य धार्मिक विधान संपन्न किया गया. बाबा की शोभायात्रा में हजारों की संख्या में बुजुर्ग, महिला, बच्चे और शामिल हुए. शोभायात्रा स्थानीय हनुमानजी मंदिर से प्रारंभ हुई और सदर लाइन, फव्वारा चौक, श्रीराम द्वारा होते हुए गंतव्य स्थान तक पहुंची. इस दौरान त्रिनयन ग्रुप के सदस्यों द्वारा महाकाल का भव्य रूप धारण किया गया था. नंदी में बैठे भगवान शिव पार्वती की जोड़ी श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर रही थी. इधर उनके दूत भूत बाबा की भक्ति में झूम रहे थे.

वहीं नगरवासी भी महादेव की बारात में जमकर आनंद उठाया. शोभायात्रा जब में रोड में पहुंची तो भक्तो के आनद में और उत्साह बढ़ गया. जगह जगह इस रैली का स्वागत किया गया. पानी से लेकर शरबत और खाने की चीजों का वितरण किया गया. इतना ही नहीं राहगीर भी बाबा की इस शोभायात्रा का आनंद लेते झूमते नजर आए.

# शा. प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला सर्राकापा में न्यौता भोजन का आयोजन



गंडई पंडरिया (दावा)। नगर के निकट ग्राम सर्राकापा में शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला सर्राकापा में शिक्षक एवं समुदाय के सहयोग से न्यौता भोजन का आयोजन किया गया जिसमें शाला के शिक्षकों एवं समूह के द्वारा खीर-पुड़ी, सब्जी, सलाद, फल, पापड़, मीठा व चांवल- दाल खिलाया गया।

न्यौता भोजन के संबंध में समुदाय को बताया गया तथा भविष्य में अपनी सहभागिता देने हेतु प्रेरित किया गया। उक्त आयोजन में सरपंचपति ग्राम पंचायत मुंडाटोला पंचराम यदु, सचिव राजेन्द्र तिवारी, संकुल समन्वयक राजेश श्रीवास्तव, पंच अमेरिका बाई, लता धुर्वे, नीलकुंवर पटेल, गंगा सेन, एसएमसी अध्यक्ष उत्तरा पटेल, नीरा बाई नेताम शिक्षक देवेन्द्र साहू, श्रीमती सरोज ताम्रकार, कल्याणी नेताम, भागचंद साहू, महेश वर्मा रसोईया श्रीमती बिरझा बाई, पकली बाई, भागबती पटेल, मुन्नी बी आदि उपस्थित रहे।

# आरसेटी बरगा में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का हुआ आयोजन

राजनांदगांव (दावा)। राजनांदगांव विकासखंड अंतर्गत ग्राम बरगा के बड़ौदा आरसेटी में नाबार्ड द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री सुरुचि सिंह शामिल हुई।



सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सभी महिलाओं को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं कदम से कदम मिलाकर हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है। महिलाएं हर असंभव कार्य को संभव बना सकती है। आर्थिक गतिविधियों से जुड़कर अपने परिवार को सहयोग भी दे रही हैं।

सहायक संचालक शिक्षा विभाग श्रीमती संगीता राव ने कहा कि महिलाएं भी राष्ट के विकास ठ

नाबार्ड से श्रीमती बबीता निषाद ने बताया कि वह अन्य महिलाओं के साथ मिलकर सेनेटरी नेपकिन बनाकर स्कूल की लड़कियों एवं महिलाओं को इसके लिए जागरूक करते हुए निःशुल्क उपलब्ध करा रही है। आरसेटी से प्रशिक्षित श्रीमती सरोज साहू ने बताया कि वह गांव की अन्य महिलाओं के साथ मिलकर गरीब परिवार को आर्थिक मदद कर रहीं है, जो अन्य लोगों के लिए प्रेरणा है। कार्यक्रम का संचालन आरसेटी में प्रशिक्षणरत प्रशिक्षार्थी कुमारी जागृति एवं निकिता द्वारा किया गया। इस अवसर पर श्रीमति ऋतु मलाकार, नाबार्ड व आरसेटी के अधिकारी व कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में महिला प्रशिक्षणार्थी व स्वसहायता समूह की महिलाएं उपस्थित थी।



# नगर में निकली महाकाल का भव्य शोभायात्रा

## जय महाकाल के नारे से गूंजा शहर

डोंगरगढ़ (दावा)। महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर भगवान शिव के भक्तगण द्वारा धर्मनगरी डोंगरगढ़ में भगवान महाकाल की शोभायात्रा बड़े ही धूमधाम से निकली गई ।पूरा शहर महाकाल के नारों से गुंजायमान रहा। भगवान शिव की शोभायात्रा को शहर के पीपलेश्वर महादेव मंदिर थाना चौक से प्रारंभ कर पूरे नगर में भ्रमण कराया गया।

भक्तजनों द्वारा निकाली गई भव्य शोभायात्रा में भगवान शिव की प्रतिमा को आकर्षक रूप से सजाया गया था। साथ ही भोलेनाथ के विभिन्न रूपों की झाकियों की आकर्षक प्रस्तुति की गई। भक्तो द्वारा भगवान शिव व माता पार्वती के रुप धारण कर शोभायात्रा को बहुत ही आकर्षक बनाया गया।

भोलेनाथ के इस शोभायात्रा में भक्तो ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। शिव भक्त अलग - अलग वेश भूषा में दिखे। जिससे भगवान के प्रति आस्था व भक्ति जोर- शोर से दिखाई दे रही थी। पुरा डोंगरगढ़ शहर दिनभर भगवान भोलानाथ के भक्ति में लीन रहा।

# मिडिल स्कूल में शेरा क्लब ने कराया न्यौता भोज



डोंगरगांव (दावा)। प्रधानमंत्री भारत सरकार के द्वारा चलाए जा रहे पोषण शक्ति के तहत स्कूलों में विशेष अवसर पर न्यौता भोज का आयोजन किया जा रहा है. जनसामान्य व समूहों में जन्मदिवस, वैवाहिक वर्षगांठ के अवसर पर शासकीय स्कूलों में बच्चों को मध्यान्न भोजन के साथ विशेष पकवान देकर उन्हें भी इस उत्सव में शामिल करने का एक अच्छा प्रयास है और इसमें जनमानस पर चढक़र हिस्सा ले रही है. वहीं समूह में भी उसके प्रति जबरदस्त रुझान देखा जा रहा है. किसी कड़ी में नगर के पूर्व माध्यमिक शाला में पढने् वाले विद्यार्थियों को स्थानीय शेरा क्लब के द्वारा न्यौता भोज कराया गया, जिसमें क्लब के सदस्यों सहित आर.एल.पात्रे बीईओ डोंगरगांव, रेवादास मानिकपुरी प्रधानपाठक सहित स्टाफ सम्मिलित हुए. बच्चों को इस दौरान न्यौता मध्यान्न भोजन के साथ खीर एवं गुलगुल भजिया परोसा गया.

# दुकालू यादव के जस गीत में झूम उठे दर्शक

डोंगरगढ़ (दावा)। श्री बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति द्वारा आयोजित तीन दिवसीय महाशिवरात्रि महोत्सव (मेला) के दूसरे दिन छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध लोक कलाकार दुकालू यादव द्वारा जस गीत एवं एवं भक्तिमय भजनों की प्रस्तुति पर कार्यक्रम में हजारों की संख्या में उपस्थित हो कर भक्तजनों ने आनंद प्राप्त किया।



सुप्रसिद्ध जस गीत गायक दुकालू यादव को सुनने लोगों मे अपूर्व उत्साह था। जिसके चलते पूरा मेला ग्राउंड दर्शकों से खचाखच भर गया था। तीन दिवसीय महाशिवरात्रि महोत्सव (मेला) के प्रथम दिन गोंदिया के सुप्रसिद्ध गायक जोड़ी अरूण राकेश द्वारा जगराता एवं जबलपुर के कलाकारों द्वारा आकर्षक नृत्य झांकी प्रस्तुत किया गया था।

तीन दिवसीय शिव महोत्सव को देखने बड़ी संख्या में नगरवासी और आसपास के ग्रामीण अंचलों के लोग पंहुच रहे हैं। महोत्सव के लिए मंदिर ट्रस्ट समिति और प्रशासन द्वारा चाक चौबंद व्यवस्था की गयी है। मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल द्वारा आम नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में पंहुच कर कार्यक्रम का आनंद लेने की अपील की गयी है। इस दौरान मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल उपाध्यक्ष द्वय अनिल गट्टानी व संजय श्रीवास्तव कोषाध्यक्ष चंद्र प्रकाश मिश्रा मंत्री महेंद्र परिहार सहमंत्री बबलू शांडिल्य पूर्व अध्यक्ष पितांबर स्वामी ट्रस्टी प्रकाश बिंदल संजीव गोमास्ता विशेष आमंत्रित सदस्य अजय ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहे। महोत्सव के अंतिम दिन शुक्रवार की रात्रि में लोक गायिका अलका चंद्राकर द्वारा प्रस्तुति दी गई।

# उमरवाही के हाथीछापर में लगा महाशिवरात्रि पर आस्था का मेला

**राजेश मेश्राम**

जोंधरा (दावा)। उमरवाही और बड़गांव के बीच जंगल में स्थित देवता हाथीछापर में महाशिवरात्रि पर एक दिवसीय मेले का आयोजन बड़गांव और उमरवाही के समाजसेवी लक्ष्मीचंद जैन के सहयोग से संपन्न हुआ।



विदित हो बड़गांव और उमरवाही के मध्य स्थित जंगल में हाथी चौक पर देवता के नाम से प्रसिद्ध स्थल पर प्रतिवर्ष महाशिवरात्रि पर मेले का आयोजन किया जाता है। बुजुर्ग ग्रामीणों द्वारा बताया जाता है कि हाथीछापर देवता यहां कब और किस वर्ष अपने आप स्थापित हुई कोई नहीं जानता, हाथीछापर देवता स्थल के पास मात्र एक हाथी की मूर्ति कुम्हार द्वारा तैयार की गई रखी थी और उसके चारों तरफ मुरूम की बाउंड्री तालाबनुमा बनी हुई है।

ग्रामीणों की माने तो यह बाउंड्री भी प्रकृति की देन है। चारों तरफ से बाउंड्री होने के बाद और जंगलों के बीच में होने के बाद भी यहां बारिश चाहे दो दिन की हो या तीन दिन की पर पानी यहां कभी नहीं ठहरता, ग्रामीणों की आस्था इस स्थल पर धीरे-धीरे बढ़ती गई लोगों ने हाथीछापर देवता से अब लोगो ने मन्नत भी मांगना शुरू कर दिया जिसकी मनोकामना पूरी होती है वह ग्रामीण वहां हाथी की मूर्ति स्थापित करते गये आज मंदिर स्थल में हाथी की मूर्ति की लम्बी कतार देखी जा सकती है और उक्त स्थल मनोकामना पूरी करने वाली स्थल के रूप में पूरे क्षेत्र में सुविख्यात है। हाथी छापर देवता उमरवाही और बड़गांव के बीच मुख्य मार्ग से महज दो किलोमीटर की दूरी पर जंगल होकर जाना पड़ता है। हाथीछापर देवता के संरक्षण में मुख्य रूप से लक्ष्मीचंद जैन समाजसेवी, सरपंच रोहित नेताम, भुवन ठाकुर, चैतुराम मंडावी, महेशकार्ते, महरसिंह, रोमन ठाकुर, सुघन ठाकुर, देवनाथ बैगा, डेविड कुमार पटेल, देवीराम कोटवार, नकुल ठाकुर, मनसाराम कोठारी, सुरेश कुमार चुरेन्द्र रहे।

# छात्रों ने शैक्षणिक भ्रमण कर देखा गंगरेल बांध का भव्य नजारा

## कल्लूबंजारी स्कूल के 71 विद्यार्थियों का बढ़ा सामान्य ज्ञान

कल्लूबंजारी (दावा)। विगत रविवार को छुट्टी के अवसर का लाभ उठाते हुए शासकीय प्राथमिक शाला, पूर्व माध्यमिक शाला एवं हायर सेकेंडरी स्कूल कल्लूबंजारी के 71 विद्यार्थियों ने अपने पालकों के अनुमति एवं सहमति से शैक्षणिक भ्रमण कर राज्य के प्रमुख नदी महानदी पर बने गंगरेल बांध का शैक्षणिक भ्रमण कर गंगरेल बांध का भव्य नजारा देखा।



शैक्षणिक भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों का कुशल नेतृत्व, निर्देशन एवं मार्गदर्शन कर रहे शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कल्लूबंजारी के उच्च वर्ग शिक्षक दिनेश कुमार कुरेटी ने विद्यार्थियों को बताया कि सन 1972 में आधारशिला रखी गयी गंगरेल बांध धमतरी जिला में स्थित है जो कि जिला मुख्यालय धमतरी से 17 किलोमीटर एवं छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से लगभग 90 किलोमीटर दूर है।यह बांध 15 किलोमीटर तक वनांचल व जल क्षेत्र में फैला है तथा 10 मेघावाट की पनबिजली क्षमता की गंगरेल हाईडल पावर प्रोजेक्ट नामक एक परियोजना द्वारा आसपास के क्षेत्रों के लिए विद्युत उत्पादन करता है। गंगरेल बांध में जलधारण क्षमता 15,000 क्यूसेक है।यह बांध सबसे बड़ा एवं सबसे लंबा माना जाता है।बांध में कुल 14 गेट है।बरसात के समय जब पानी छोड़ी जाती है तब लगभग 45 गांवों में बाढ़ के खतरे को देखते हुए प्रशासन द्वारा अलर्ट जारी कर दिया जाता है। यह बांध सालभर सिंचाई हेतु जल आपूर्ति करती है जिससे किसान साल में दो बार आसानी से पसल उत्पादन कर लेते हैं। गंगरेल बांध भिलाई स्टील प्लांट के प्रमुख जल आपूर्तिकर्ता है।इस तरह से शैक्षणिक भ्रमण में सामिल 71 विद्यार्थियों के सामान्य ज्ञान में वृद्धि हुई।

विद्यार्थियों ने एक निर्धारित दूरी से सुरक्षात्मक तरीके से गंगरेल बांध के 14 गेटों का अवलोकन किया। बांध के जल क्षेत्रों पर चल रही स्टीमरों(नावों) को देखकर विद्यार्थी रोमांचित हुए तथा बैठने की इच्छा जाहिर की जिसे शिक्षक श्री कुरेटी ने सुरक्षा की दृष्टि से बच्चों को विनम्रता पूर्वक मना कर दिया। छात्रों ने बांध के किनारे बने गंगरेल उद्यान का भी अवलोकन किया वहां के फूलों के खुशबू का आनंद लिया।

व्यवस्थापक कर्मचारियों द्वारा की गयी स्वच्छता प्रबंधन से प्रभावित होकर स्वयं के द्वारा ले गये स्वल्पाहार ग्रहण कर पत्तल एवं डिस्पोजल को एक निर्धारित पात्र में डालकर बांध परिसर के स्वच्छता बनाये रखने हेतु सहभागिता प्रदान की। उद्यान के बाल झूला एवं बाल स्टीमरों का लुत्फ उठाया। गंगरेल बांध से लौटते वक्त मां अंगार मोती, बिलईदेवी दाई,सिया देवी दाई एवं गंगा मैंया का दर्शन लाभ लिया तथा मां सिया देवी पार्किंग स्थल के आसपास दर्शनार्थियों द्वारा फेंके गये पत्तल डिस्पोजल को पर्यावरण संरक्षण के विपरीत बताते हुए लोगों से स्वचछता बनाने रखने की अपेक्षा जताया।

शैक्षणिक भ्रमण दल में शिक्षक द्वय दिनेश कुमार कुरेटी एवं शोभराय कार्ते, सफाई कर्मचारी द्वय जितेन्द्र पटेल एवं गजेन्द्र कोहकट्टा, छात्र-छात्राएँ चांदनी पटेल, योगिता पटेल, प्रेरणा साहू, अंजलि साहू, गीतिका कुरेटी, अनिल साहू, डिगेश्वरी साहू,मोनिका साहू, कशिश पाल,रोनिका पटेल, योगिता साहू, टुविंटल पटेल, महेश्वर पटेल, दीपेश कंवर, मोनिका ध्रुर्वे, रामेश्वरी पटेल, पूनम कुरेटी,कश्यप यादव, ऋषिका महाजन,उरांशी कंवर, भारती सिन्हा, केशर साहू, ओजेश्वरी पटेल,हर्ष कुमार पटेल, वंदिता पटेल, टिकेश्वर कंवर, अनुज कुमार यादव, रेशमी यादव, डिम्पल लाऊत्रे, चाहत फूले, गीतांजलि अंबादे, देविका मंडावी, नोमिका लाऊत्रे आदि सहित कुल 71 छात्र-छात्राएं सामिल थे।

# सनडोंगरी स्कूल में कराया गया न्योता भोजन

## शामिल हुए जनप्रतिनिधि, शिक्षक व बच्चे



डोंगरगढ़ (दावा)। स्कूल शिक्षा विभाग की प्रत्येक जनकल्याणकारी योजनाओं को जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन कराने के लिए सदैव अग्रणी भूमिका निभाने हेतु तत्पर रहने वाले खैरागढ़विकासखंड के शासकीय प्राथमिक शाला सनडोंगरी के प्रधान पाठक लादू राम साहू ने समुदाय से सम्पर्क कर न्योता भोज कराने के लिए प्रेरित किया।

मुख्यमंत्री एवं छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा विभाग के मंशाअनुरूप शासकीय शालाओं में अध्यनरत बच्चों की शारीरिक दुर्बलता एवं कुपोषण को दूर करने के लिए न्योता भोज का कार्यक्रम चलाया जा रहा है।इसी कड़ी में शासकीय प्राथमिक शाला सनडोंगरी में जलेश्वर वर्मा उपसरपंच प्रतिनिधि ग्राम पंचायत गुमानपुर, निवासी सनडोंगरी ने समस्त बच्चों को आंशिक न्योता भोज के तहत केला वितरण किया गया। नागरिकों को न्योता भोज का संदेश दिया।न्योता भोज में युगल किशोर साहू शिक्षक, रविता कँवर, सुषमा यादव उपस्थित रहे।

# पहला कॉलम...

## पिता ने 7 महीने की बच्ची को जमीन पर पटक कर मार

कुशीनगर। उत्तर प्रदेश के कुशीनगर से दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। जहां एक कलयुगी पिता ने 7 महीने की बच्ची को जमीन पर पटक कर मार डाला। बच्ची के हत्या की वजह पारिवारिक कलह बताई जा रही है। सूचना के बाद पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई में जुटी है। पुलिस सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि खड्डा थाना क्षेत्र के रामपुर गौनहा गांव के जंगल टोला निवासी विवेक भूसहर की शादी 2 वर्ष पूर्व गांव के ही ऋतु से हुई थी। उनकी एक सात माह की बेटी निशा थी। गुरुवार की रात आठ बजे पति-पत्नी में खाना जल्दी बनाए जाने को लेकर कहां सुनी हुई। पत्नी बच्ची को गोद में लेकर अभी खेला रही थी कि शराब के नशे में चूर सन की पिता विवेक मुसहर ने बच्ची को मां की गोद से छीन कर दरवाजे के सामने पक्की सड़क पर पटक पटक कर मार डाला और मौके से फरार हो गया। पुलिस मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश कर रही है। मृत बच्ची के नाना रामप्रसाद ने बताया कि करीब 2 साल पहले विवेक ने मेरी बेटी ऋतु से लव मैरिज की थी। विवेक हमारे घर के पास ही रहता था। अभी घर में ऋतु के अलावा विवेक और उसकी मां रहती थी।

## हाईटेंशन तार की चपेट में आने से 15 बच्चे झुलसे

नई दिल्ली। राजस्थान के कोटा की एसपी अमृता दुहान ने शुक्रवार को 15 बच्चों के हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने की घटना के बारे में जानकारी दी है. एसपी अमृता दुहान ने बताया, ÷ये घटना 12 से 12.30 के बीच हुई. काली बस्ती के जो कुछ लोग हैं, परिवार हैं, वे कलश में जल भरने के लिए जमा हुए थे.

इसमें कुछ 20-25 बच्चे थे, कुछ महिला और पुरुष थे. एक बच्चे के हाथ में बीस से बाइस फुट लंबा लोहे का पाइप था, जो हाईटेंशन तार से टकरा गया इसमें वो बच्चा झुलस गया. उसको बचाने के लिए जब सब बच्चे इकट्ठे हुए तो वो भी इसकी चपेट में आ गए. उन्होंने बताया, इनमें से एक बच्चा गंभीर है जो कि 100 फ़ीसद तक जल गया है. एक बच्चा 50 फीसद झुलसा हुआ है.

एसपी ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है और अगर किसी की लापरवाही सामने आती है तो कार्रवाई की जाएगी.उन्होंने बताया कि घायलों में 25 साल का एक युवक है. बाकी 14 साल से कम के हैंकोटा रेंज के आईजी रवि दत्त गौड़ ने घटना की जानकारी देते हुए बीबीसी को फ़ोन पर बताया है, ÷पंद्रह बच्चे झुलसे हैं. इनमें एक बच्चे की स्थिति गंभीर बनी हुई है. जबकि, एक बच्चा पचास प्रतिशत तक झुलस गया है.

## 92 की उम्र में रुपर्ट मर्डोक करेंगे 5वीं शादी

नई दिल्ली। 92 साल की उम्र में रूपर्ट मर्डोक दूल्हा बनने जा रहे हैं। उन्होंने छठी बार सगाई की है और यह उनकी 5वीं शादी होगी। उनकी 5वीं सगाई रेडियो होस्ट एन लेस्ली स्मिथ के साथ हुई थी, जो 2 सप्ताह बाद ही टूट गई थी, लेकिन अब उनके जीवन में 67 वर्षीय रिटायर्ड जीवविज्ञानी ऐलेना जुकोवा आई हैं, जिन्हें उन्होंने बीती रात अंगूठी पहनाई और जल्दी ही दोनों शादी के बंधन में बंध जाएंगे। दोनों एक दूसरे को पिछ्ले 4 साल से डेट कर रहे थे। नवंबर 2023 में दोनों ने अपने रिश्ते को दुनिया के सामने पेश किया था।

द गार्जियन की रिपोर्ट के अनुसार, न्यूज कॉर्प और फॉक्स से रिटायरमेंट लेने के 5 महीने बाद अरबपति रुपर्ट मर्डोक ने शादी करने का ऐलान करके सभी को चौंका दिया है। उनके ऑफिस से जारी किए गए प्रेस नोट के अनुसार, 92 वर्षीय मर्डोक 67 वर्षीय ऐलेना जुकोवा से शादी करने के लिए तैयार हैं। दोनों एक दूसरे को पिछ्ले 4 साल से डेट कर रहे थे। नवंबर 2023 में दोनों ने अपने रिश्ते को दुनिया के सामने पेश किया था। वेडिंग रिसेप्शन कैलिफोर्निया में उनके अंगूर के बागान मोरागा में होगा।

## दुनिया के मशहूर कार्टूनिस्ट ने ली आखिरी सांस

नई दिल्ली। जापान के फेमस कार्टूनिस्ट और कॉमिक च्ड्रैगन बॉलज् व एनीमे के निर्माता अकीरा तोरियामा ने दुनिया को अलविदा कह दिया है। उन्होंने 68 साल की उम्र में अपनी आखिरी सांस ली। अकीरा तोरियामा के निधन की जानकारी ड्रैगन बॉल की वेबसाइट ने की है। इस खबर से उनके प्रशंसकों का दिल टूट गया है। फैंस भी अकीरा तोरियामा को सोशल मीडिया पर श्रद्धांजलि दे रहे हैं।

आपको बता दें कि अकीरा तोरियामा च्ड्रैगन बॉलज् के मशहूर निर्माता रहे हैं। इसके अलावा उन्होंने ड्रैगन बॉल जेड, ड्रैगन बॉल सुपर और सैंड लैंड के निर्माता के रूप में अपनी पहचान बनाई थी।

अकीरा तोरियामा के निधन की जानकारी देते हुए ड्रैगन बॉल की वेबसाइट ने लिखा, च्गहरे दुख के साथ कहना पड़ रहा है कि अकीरा तोरियामा नहीं रहे। उनका निधन सबड्यूरल हेमेटोमा की वजह से 1 मार्च 2024 को हुआ है।ज् आपको बता दें कि तोरियामा के पास अभी कई सारे प्रोजेक्ट्स पापइलाइन में थे।

# पांचवें टेस्ट पर भारतीय बल्लेबाजों ने निकाला अंग्रेजों का दम, 8 विकेट खोकर बनाये 473 रन



नई दिल्ली। इस वक्त वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम ऑस्ट्रेलिया के दौरे पर है, जहां तीन टी20 इंटरनेशनल मैचों की सीरीज खेली जा रही है। पहले दो मैच जीतकर ऑस्ट्रेलिया ने सीरीज पर तो कब्जा कर लिया है, लेकिन इस बीच वेस्टइंडीज ने आखिरी मुकाबले में ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों की जमकर धुनाई की। इसे धुनाई से कम कुछ कहा भी नहीं जा सकता। क्योंकि जिस बेदर्दी के साथ आंद्रे रसेल और शेरफेन रदरफोर्ड से पिटाई की है, उसे सालों तक याद रखा जाएगा। इसके साथ ही इन दोनों बल्लेबाजों ने एक नया कीर्तिमान भी रच दिया।

ऑस्ट्रेलिया और वेस्टइंडीज के बीच जब तीसरा मुकाबला शुरू हुआ तो वेस्टइंडीज के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। जॉनसन चार्ल्स केवल चार और काइल मेयर्स 11 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद आए निकोलस पूरन भी केवल एक ही रन बनाकर पवेलियन लौट गए। इससे टीम पर संकट के बादल गहरा गए थे। केवल 17 रन पर ही टीम के चार विकेट गिर चुके थे। रोस्टन चेज 37 और कप्तान रॉवमैन पॉवेल 21 रन बना सके। टीम 79 रन पर अपने 5 विकेट गवां चुकी थी। लेकिन असली तूफान तो इसके बाद आया। एक छोर संभाला आंद्रे रसेल ने और दूसरी ओर थे शेरफेन रदरफोर्ड। दोनों ने मिलकर आक्रमण किया और ऑस्ट्रेलिया गेंदबाजों की बखिया उधेड़ कर रख दी।

टीम को स्कोर 79 पर पांच विकेट था। पहले दोनों ने 100 का आंकड़ा पार किया। इसके बाद स्कोर 150 तक पहुंचा और देखते ही देखते 19वें ओवर में 200 रन भी पूरे हो गए। एक तरफ से रसेल चौके और छक्कों की बरसात कर रहे थे, वहीं दूसरी ओर रदरफोर्ट ने एक के बाद एक बेहतरीन शॉट खेले। दोनों ने अपने अपने अर्धशतक भी पूरे कर लिए। ऐसा कम ही होता है कि जब रसेल क्रीज पर हों और दूसरा बल्लेबाज उनसे पहले अपना अर्धशतक पूरा कर ले। रदरफोर्ट ने 40 बॉल पर 67 रन की पारी खेली। इसके बाद रसेल ने अर्धशतक पूरा किया और इसके बाद वे 29 बॉल पर 71 रन की पारी खेलकर आउट हुए।

इन दोनों ने मिलकर टी20 इंटरनेशनल में छठे विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी को भी अंजाम दिया। अब तक केवल तीन ही बार ऐसा हुआ है, जब छठे विकेट के लिए 100 रन से ज्यादा की पार्टनरशिप हुई हो।

# एक्स पर आया बड़ा अपडेट, सिर्फ इन यूजर्स को मिलेगा सुविधा का लाभ



नई दिल्ली। एलन मस्क द्वारा संचालित एक्स ने शुक्रवार को 'आर्टिकल्स' पेश किया, जो इस प्लेटफ़ॉर्म पर लंबे प्रारूप में लिखित सामग्री शेयर करने का एक नया तरीका है।प्रीमियम यूजर्स व एक्स की सेवाओं के लिए भुगतान करने वाले अब इस प्लेटफ़ॉर्म पर स्टाइलिस्ड टेक्स्ट, एम्बेडेड छवियों और वीडियो के साथ लेख पोस्ट कर सकते हैं।

कंपनी ने एक बयान में कहा, आर्टिकल एक्स पर लंबे प्रारूप में लिखित सामग्री को शेयर करने का एक नया तरीका है। आर्टिकल प्रकाशित करना प्रीमियम+ यूजर्स और सत्यापित संगठनों तक सीमित एक सुविधा है। टेक्स्ट के अलावा, लेखों में चित्र, वीडियो, जीआईएफ, पोस्ट और लिंक शामिल हो सकते हैं। आप टेक्स्ट को शीर्षकों, उपशीर्षकों, बोल्ड, इटैलिक, स्ट्राइकथ्रू, इंडेंटेशन, संख्यात्मक और बुलेटेड सूचियों के साथ भी दे सकते हैं। लेख लिखने के लिए, एक्सडॉटकॉम पर साइड नेविगेशन में लेख टैब पर जाएं, लिखें पर क्लिक करें और जब आप तैयार हों, तो प्रकाशित करें।

फिर आपका लेख टैब पर आपकी प्रोफ़ाइल पर लाइव होगा। सोशल मीडिया नेटवर्क ने कहा कि आप लेख को प्रकाशित करने के बाद संपादित भी कर सकते हैं और पूरी तरह से हटा भी सकते हैं।

# गुजरात बनेगा देश का सेमीकंडक्टर हब!

### टाटा ग्रुप और सीजी पावर को प्लांट के लिए मिली 160 एकड़ जमीन

नई दिल्लीः टाटा समूह को गुजरात के धोलेरा में 160 एकड़ जमीन मिल गई है, जहां वह 91,000 करोड़ रुपए के निवेश से देश का पहला मेगा फैब कारखाना लगाएगा। सीजी पावर को भी एटीएमपी (सेमीकंडक्टर की असेंबलिंग, टेस्टिंग, मार्केटिंग और पैकेजिंग) इकाई लगाने के लिए साणंद में 28 एकड़ जमीन आवंटित की गई है। गुजरात सरकार के अधिकारियों ने बताया कि सीजी पावर इस कारखाने पर 7,600 करोड़ रुपए का निवेश करेगी।



दोनों परियोजनाओं का शिलान्यास वरिष्ठ राजनेताओं और सरकारी अधिकारियों की उपस्थिति में 13 मार्च को किया जा सकता है। इन परियोजनाओं को कुछ दिन पहले ही मंत्रिमंडल से मंजूरी मिली थी।

गुजरात राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स मिशन के निदेशक मनीष गुरवानी ने कहा, च्टाटा को धोलेरा में जमीन के लिए आवंटन पत्र दिया जा चुका है और सीजी पावर को साणंद में जमीन के लिए प्रस्ताव-सह-आवंटन पत्र दिया गया है। हम इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन से परियोजना को औपचारिक मंजूरी पत्र मिलने का इंतजार कर रहे हैं। इसके बाद गुजरात सरकार अपनी ओर से मंजूरी पत्र प्रदान करेगी। केंद्र और राज्य सरकारें परियोजना की कुल लागत का करीब 70 फीसदी बतौर प्रोत्साहन देंगी। उन्होंने कहा कि टाटा और उसकी तकनीकी साझेदार ताइवान की पीएसएमसी की टीम ने परियोजना स्थल का मुआयना किया है और फैब संयंत्र के आवश्यक पानी, बिजली, अपशिष्ट शोधन क्षमता आदि के लिए धोलेरा विशेष निवेश क्षेत्र प्राधिकरण से चर्चा की जा रही है। सूत्रों ने बताया कि टाटा को जमीन की 25 फीसदी कीमत पेशगी देनी होगी और बाकी कीमत गुजरात सरकार बतौर सब्सिडी धोलेरा विशेष निवेश क्षेत्र विशेष उद्देश्यीय इकाई को चुकाएगी।

# पहले वनडे में अफगानिस्तान ने आयरलैंड को 35 रन से रौंदा

नई दिल्ली। अफगानिस्तान ने आयरलैंड को पहले वनडे में 35 रनों से हरा दिया. शाहजाह में खेले गए मुकाबले में अफगानिस्तान ने पहले बैटिंग करते हुए 50 ओवर में 310/5 रन बोर्ड पर लगाए, जिसके जवाब में आयरलैंड पूरे ओवर खेलने के बाद 275/8 का ही स्कोर बना सकी. लक्ष्य का पीछा करते हुए आयरलैंड के लिए हैरी टेक्टर ने 9 चौके और 3 छक्कों की मदद से 138 रनों की शतकीय पारी खेली, जो अफगानी बैटर गुरबाज़ के शतक के आगे फेल रही.



आयरलैंड ने टॉस जीतकर बॉलिंग करने का फैसला किया, जो उनके लिए ठीक साबित नहीं हुआ. पहले बैटिंग के लिए अफगानिस्तान ने बड़ा टोटल बोर्ड पर लगाया, जिसमें ओपनर गुरबाज़ और जादरान ने अहमद योगदान दिया. गुरबाज़ ने 117 गेंदों में 8 चौके और 6 छक्के लगाकर 121 रनों की पारी खेली. इसके अलावा इब्राहिम जादरान ने 4 चौके और 2 छक्कों की मदद से 60 रनों की पारी खेली. दोनों ने पहले विकेट के लिए 150 (186 गेंद) रनों की साझेदारी की. 311 रनों के बड़े लक्ष्य का पीछा करने उतरी आयरलैंड को अच्छी शुरुआत नहीं मिल सकी. टीम ने चौथे ओवर में 10 रन के स्कोर पर पहला विकेट कप्तान पॉल स्टर्लिंग (05) के रूप में खोया. फिर 7वें ओवर में उन्हें दूसरा झटका एंड्रयू बालबर्नी (04) के रूप में लगा. इसके बाद 11वें ओवर में नंबर तीन पर बैटिंग के लिए उतरे कर्टिस कैम्फर (09) आउट हो गए. फिर हैरी टेक्टर और लोर्कन टकर ने काफी देर तक ज़िम्मेदारी संभाली और चौथे विकेट के लिए 173 (173 गेंद) रनों की साझेदारी की.

# नूर अली ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास

नई दिल्ली। नूर अली ने अफगानिस्तान के लिए 2 टेस्ट, 51 वनडे और 23 टी20 मैच खेले हैं। नूर ने पहली बार अफगानिस्तान के लिए 2009 में क्रिकेट खेला था। अफगानिस्तान के लिए नूर अली आखिरी बार इस महीने की शुरुआत में आयरलैंड के खिलाफ हुए एकमात्र टेस्ट मैच में खेला था। इस टेस्ट मैच को आयरलैंड ने जीता था।



नूर अली ने वनडे में 24.81 की औसत से 1216 रन और टी20 में 27.13 की औसत से 597 रन बनाए। उनके दोनों टेस्ट एक महीने के अंतराल में आए, उन्होंने महीने के अंत में अबू धाबी में आयरलैंड के खिलाफ टेस्ट मैच से पहले फरवरी की शुरुआत में कोलंबो में श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट डेब्यू किया था। उन्होंने चार पारियों में 117 रन बनाए।

गौरतलब हो कि नूर ने आखिरी बार 2019 वनडे वर्ल्ड कप में हिस्सा लिया था। इसके बाद अक्टूबर 2023 में एशियाई खेलों में टी20ढ्ढ के लिए अफगानिस्तान टीम में वापस बुलाया गया था। एशियाई खेलों में, उन्होंने श्रीलंका और पाकिस्तान के खिलाफ क्रमशः 51 और 39 रन बनाए। फाइनल में बारिश की वजह से कोई नतीजा नहीं निकलने की वजह से भारत रैंका का फायदा मिला और गोल्ड मेडल अपने नाम किया था।

# गुजरात जायंट्स को झटका, हरलीन देओल महिला प्रीमियर लीग से बाहर

नई दिल्ली। गुजरात जायंट्स ने गुरुवार को पुष्टि की कि स्टार ऑलराउंडर हरलीन देओल घुटने की चोट के चलते महिला प्रीमियर लीग से बाहर हो गई हैं। हरलीन देओल बाकी के बचे हुए मैचों से बाहर हो गई हैं। टीम ने हरलीन के जल्द ठीक होने की शुभकामनाएं दी हैं।

गुजरात जायंट्स ने एक आधिकारिक बयान जारी कर इस बात की पुष्टि की। आधिकारिक बयान में लिखा, हम उन्हें जल्द से जल्द वापस एक्शन में देखना चाहते हैं। उनकी जगह 29 वर्षीय भारती फुलमाली को टीम में शामिल किया गया है।

बयान में कहा गया है, अंतरिम रूप से भारती फुलमाली जायंट्स टीम में हरलीन की जगह लेंगी। 9 मार्च को खेले जाने वाले अगले मैच में वह टीम में शामिल होंगी। गुजरात का अगले मैच में दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में मुंबई इंडियंस से सामना होगा।

बता दें कि गुजरात ने आरसीबी को हराकर इस सीजन में अपनी पहली जीत दर्ज की थी। गुजरात ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट के नुकसान पर 199 रन का स्कोर बनाया था। ङ्घक्कक्रु के प्वाइंट्स टेबल में गुजरात -1.278 के नेट रन रेट पर केवल 2 अंकों के साथ सबसे निचले पायदान पर है। गौरतलब हो कि हरलीन देओल पहले से ही इंजर्ड थीं। बेंगलुरु में खेले गए यूपी वॉरियर्स के खिलाफ के दौरान उन्हें फिर बाएं घुटने में चोट लग गई थी। फील्डिंग करते हुए पहले ही ओवर में हरलीन इंजरी का शिकार हो गई थीं।

# अमेरिका से जापान जा रहे विमान का पहिया निकलकर गिरा

नई दिल्ली। अमेरिका से जापान जा रहे एक यात्री विमान अजीबोगरीब हादसा हो गया। सैन फ्रांसिस्को हवाईअड्डे से उड़ान भरते ही यूनाइटेड एयरलाइंस के विमान का एक पहिया अलग होकर गिर गया। इस घटना के तुरंत बाद विमान की लैंडिंग कराई गई। यात्रियों को एक अन्य प्लेन में सवार कराया गया। इस विमान में 235 यात्री सवार थे। वहीं चालक दल के भी 14 सदस्य सवार थे। सोशल मीडिया पर इस घटना का वीडियो वायरल हो रहा है।



इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें देखा जा सकता है कि उड़ान भरते ही विमान के छह टायरों में से उसका एक टायर अलग होकर गिर गया। इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ है। विमान से गिरा टायर कार पर जा गिरा विमान से अलग हुआ ये टायर सैन फ्रांसिस्को इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पार्किंग लॉट में एक कार पर जा गिरा। इस वजह से कार का पिछला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। इस घटना को लेकर एयरलाइन कंपनी ने जारी बयान में कहा कि यह विमान 2002 में बना था और इसे क्षतिग्रस्त टायर के साथ भी सुरक्षित रूप से लैंड कराने के लिए डिजाइन किया गया है.

# प्रथम पृष्ठ का शेष

***कांग्रेस की पहली लिस्ट में 39 नाम...***

मावेलिककारा-एससी (केरल)-कोडिकुन्निल सुरेश, पथानामथिट्टा (केरल)-एंटो एंटनी, अतिंगल (केरल)-अदूर प्रकाश, तिरुवनंतपुरम (केरल)-शशि थरूर, लक्षद्वीप-मो. हमदुल्लाह सईद, शिलांग-एसटी (मेघालय)-विंसेंट एच. पाला, तुरा-एसटी (मेघालय)-सालेंग ए. संगमा, नगालैंड एस. सुपोंगमेरेन जमीर, सिक्किम-गोपाल क्षेत्री, जहीराबाद (तेलंगाना)-सुरेश कुमार शेटकर, नलगोंडा (तेलंगाना)-रघुवीर कुंडुरु, महबुबनगर (तेलंगाना-चल्ला वामशी चंद रेड्डी, महबुबाबाद एसटी (तेलंगाना)-बलराम नाइक पोरिका, त्रिपुरा वेस्ट आशीष कुमार साह को मैदान में उतारा है। लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस ने 39 उम्मीदवारों के नामों का एलान किया है। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने शुक्रवार को दिल्ली स्थित पार्टी कार्यालय में पत्रकार वार्ता कर उम्मीदवारों के नामों का एलान किया। पहली लिस्ट में 15 उम्मीदवार सामान्य वर्ग से हैं।

कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी कर दी है। इस लिस्ट में 39 नामों का ऐलान किया है जिसमें 15 जनरल कैटेगरी से ताल्लुक रखते हैं जबकि 24 उम्मीदवार ऐसे हैं जो एससी,एसटी और ओबीसी समुदाय से आते हैं। पार्टी ने छत्तीसगढ़ से छह उम्मीदवारों को मौदान में उतारा है। सनद रहे कि बीते दिनों सीईसी की बैठक में उम्मीदवारों के नाम पर मंथन हुआ। इस बैठक के बाद कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने बताया था कि बैठक में अच्छी चर्चा हुई है। सब सीट पर चर्चा हुई है टिकट वितरण को लेकर चर्चा हुई है। हर पहलुओं में लोगों से राय मांगी गई है।

***पीएम मोदी ने देश भर में...***

घटकर 803 रुपये प्रति 14.2 किलोग्राम हो गया है. सरकार ने पिछले साल अक्टूबर में प्रति वर्ष 12 रिफिल तक 14.2 किलोग्राम के सिलेंडर पर सब्सिडी 200 रुपये से बढ़ाकर 300 रुपये प्रति बोतल कर दी थी. यह 300 रुपये प्रति सिलेंडर की सब्सिडी चालू वित्त वर्ष के लिए थी, जो 31 मार्च को समाप्त हो रही है.

***राजनांदगांव से चुनाव लड़ेंगे...***

साल 2008 में भाजपा के विजय बघेल से भूपेश चुनाव हार गए। साल 2013 में पाटन से उन्होंने जीत दर्ज की।

वर्ष 2014 में उन्हें छत्तीसगढ़ कांग्रेस का अध्यक्ष बनाया गया। वर्ष 2018 विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की तो तेज तर्रार राजनीति और आक्रामक तेवर के लिए मशहूर भूपेश बघेल राज्य के तीसरे मुख्यमंत्री बने। भूपेश बघेल को किसानों मुद्दों पर आक्रामक शैली के लिए जाना जाता है। वे हाजिर जवाबी के लिए मशहूर हैं। साल 2023 के विधानसभा चुनाव में उन्होंने अपने भतीजे और भाजपा प्रत्याशी व सांसद विजय बघेल को हराया। वहीं छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी को भी परास्त किया। वर्तमान समय में वो हिमाचल प्रदेश में भी अहम भूमिका निभा रहे हैं।

***ओडिशा में बीजेपी-बीजेडी....***

12 लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ा था, वहीं भाजपा ने 63 विधानसभा और नौ लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ा था. दोनों दलों के गठबंधन ने 1998 में 21 में से 17 लोकसभा सीट पर जीत हासिल की थी. वहीं, 1999 के आम चुनाव में गठबंधन को 19 सीट पर जीत मिली थी, जो 2004 के लोकसभा चुनाव में घटकर 18 हो गई थी.

***कांग्रेस को आईटीएटी से...***

तो पार्टी लोकसभा चुनाव से पहले वित्तीय संकट में पड़ जाएगी। तंखा ने कहा, 'हमें इस समय एक सुरक्षा आदेश की आवश्यकता है। पार्टियां और चुनाव आते-जाते रहेंगे, लेकिन राजस्व विभाग केंद्र सरकार का है। इसे कानून के अनुसार चलना होगा। यदि सिर्फ एक पार्टी होगी, तो लोकतंत्र कैसे बचेगा।'

***जीत की हैट्रिक लगा चुकी भाजपा ...***

अंबागढ़ चौकी में भी कार्यकर्ताओं ने भूपेश की उम्मीदवारी का इसी तरह स्वागत किया। इसके अलावा खैरागढ़, छुईखदान व गंडई क्षेत्र में भी कार्यकर्ता पूर्व मुख्यमंत्री की उम्मीदवारी का स्वागत किया।

# मुंबई इंडियंस की चौथी जीत, यूपी वॉरियर्ज को 42 रन से हराया, नेटली सीवर-ब्रंट का दोहरा प्रदर्शन

नई दिल्ली। दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में मुंबई ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी चुनी। टीम ने 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 160 रन बनाए। जवाब में यूपी 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 118 रन ही बना सकी। मुंबई की नेटली सीवर ब्रंट ने दोहरा प्रदर्शन किया। ब्रंट ने बल्लेबाजी करते हुए 45 रन बनाए। वहीं, गेंद से 2 विकेट लिए।

मुंबई की ओपनिंग जोड़ी नहीं चली। यास्तिका भाटिया 9 रन और हेली मैथ्यूज 4 रन बना कर आउट हो गए। स्कोर 3.4 ओवर में 2 विकेट पर 17 रन हो गया। मिडिल ऑर्डर पर आए नेटली सीवर ब्रंट 45 रन और हरमनप्रीत कौर 33 रन बना कर टीम को मजबूत स्कोर पर पहुंचाया। दोनों के बीच 59 रन की साझेदारी हुई।

नेटली सीवर को आउट होने के बाद अमेलिया केर ने 39 रन की पारी खेली। अमनजोत कौर 7 रन बना सकी। जबकि, आखिरी ओवर्स में 14 बॉल में 22 रन बना कर 160 रन के स्कोर तक पहुंचाया।

श्रीलंका की प्लेयर और यूपी की बॉलर चमारी अटापट्टू को 2 विकेट मिले। उन्होंने शुरुआती ओवर में मैथ्यूज और भाटिया को चलता किया। उनके अलावा राजेश्वर गायकवाड, दीप्ति शर्मा और साइमा ठाकुर को



1-1 विकेट मिले।

यूपी की ओपनिंग बल्लेबाज एलिसा हीली 3 रन और किरण नवगिरे 7 रन बना कर आउट हुई। वहीं, चमारी अटापट्टू भी 3 रन बना कर आउट हो गई। ग्रेस हैरिस 15 रन ही बना सकी। वहीं, श्वेता सेहरावत 17 रन बना कर आउट हो गई। दूसरे छोर पर दीप्ति शर्मा टिकी रही।

पूनम खेमनर 7 रन, सोफी एक्लेस्टोन 0 रन, उमा छेत्री 8 रन बना कर आउट हो गए और विकेट गिरते ही चले गए। दीप्ति शर्मा ने ही एक छोर से पारी को बढ़ाया और 36 बॉल में 53 रन बना कर नाबाद रही। वहीं,राजेश्वरी गायकवाड 1 रन बना कर उनके साथ क्रीज पर रही। टीम 118 रन ही बना सकी।

### साइका इशाक 3 विकेट

मुंबई की बॉलर साइका इशाक को 3 विकेट मिले। वहीं, नेटली सीवर ब्रंट ने 2 विकेट हासिल किए। शबनिम इस्माइल, हेली मैथ्यूज,पूजा वस्त्राकर और सजीवन संजना को 1-1 विकेट मिला।

### पॉइंट्स टेबल में दूसरे नंबर पर आया मुंबई

मुंबई इंडियंस पॉइंट्स टेबल में तीसरे से दूसरे नंबर पर आ गई है। दिल्ली के साथ ही उसके सबसे ज्यादा 8 पॉइंट है। यूपी चौथे नंबर पर ही बना हुआ है।

# वनांचल में अंतरराष्ट्रीय महिला अधिकार दिवस मनाया गया



बांधाबाजार (दावा)। वनांचल के आदिवासी बाहुल्य सुदूर ग्रामीण क्षेत्र के महिलाओं के सर्वांगीण विकास कार्यरत समग्र सृष्टि समाज सेवी संस्था ग्राम दक्कोटोला, तहसील अंबागढ़ चौकी, जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी छ.ग. के तत्वाधान में 5 मार्च 2024 को अंतरराष्ट्रीय महिला अधिकार दिवस के अवसर पर महिला सम्मेलन ग्राम चिरचारी ग्राम पंचायत सांगली,तहसील मोहला में आयोजित किया गया था। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद पंचायत मोहला के अध्यक्ष लगनू राम चंद्रवंशी, वन रक्षक पुरन सिंह कुमेटी, श्रीमती सुनंदा मोहुर्ले (अध्यक्ष) समग्र सृष्टि समाज सेवी संस्था, मगऊ राम धुर्वे (ग्राम पटेल) के प्रमुख उपस्थिति में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, स्वर्गीय लाल श्याम शाह महाराज के तैल चित्र को माल्यार्पण कर विधिवत पूजा अर्चना किया गया। पश्चात ग्राम चिरचारी एवं सांगली के महिलाओं द्वारा अतिथियों का गुलदस्ता एवम अबीर गुलाल लगाकर स्वागत किया गया। ग्राम सांगली की महिलाओं अतिथियो स्वागत गीत के साथ के स्वागत किया।

कार्यक्रम का प्रस्तावना संस्था के जयदेव मोहुर्ले (समन्वयक) ने समग्र सृष्टि समाज सेवी संस्था द्वारा महिलाओं के सर्वांगीण विकास में किए गए अम्बागढ़ चौकी एवं मोहला तहसील में विगत 2013 से महिलाओं के उत्थान के लिए कार्य विलुप्त ग्रामीण खाद्य पदार्थ जिमिकंद, कोचई कंद, मछली पालन, महुआ खरीदी बिक्री, वन की सुरक्षा, वन में बोल्डर चेकडैम, कंटूर टंच, वृक्ष रोपण कार्य महिलाओं के नेतृत्व में किया गया कार्य का विस्तृत जानकारी दिया गया। इसके बाद अंतरराष्ट्रीय महिला अधिकार दिवस के उपलक्ष में सरिता कोरेटी ने संबोधन करते हुए बताई कि महिला पुरुष जगत की जननी होने के बावजूद महिलाओं को अपने हक अधिकार की लड़ाई लड़नी पड़ी है। तब पुरुष प्रधान देश में महिलाओं को अधिकार मिला है।

उदाहरण के लिए महतारी वंदन योजना भी इसी उद्देश्य के साथ लाया गया है ताकि अधिकार के साथ साथ योजना भी महिला को लागू होना चाहिए। इस उदबोधन के बाद समग्र सृष्टि समाज सेवी संस्था की अध्यक्षा श्रीमती सुनंदा मोहुर्ले ने उदबोधन में अंतरराष्ट्रीय महिला अधिकार दिवस 8 मार्च को पूरे विश्व में क्यों मनाया जाता है इस पर मार्ग दर्शन करते हुए बताई की यह महिला संघर्ष का इतिहास अमेरिका एवं रसिया देश की मिल में काम करने वाली महिलाओं ने समान काम समान वेतन तथा मतदान हेतु अपने सरकार से लड़ाई लड़कर जीत हासिल किया है जिसके परिणाम स्वरूप आज हम पूरे विश्व में सम्मान के जीवन जी रहे है । आज हम हर क्षेत्र में कार्यरत है। हमारा अपना वर्चस्व है। पश्चात हमारे बीच पर्यावरण प्रेमी क्षेत्रीय वन रक्षक आदरणीय पुरन कुमेटी ने महिला जन जागृति एवं सक्षमीकरण पर बल देते हुए बताया कि महिला की उन्नति घर की देश की उन्नति का प्रतीक है ।घर की महिला शिक्षित है तो आने वाली पीढ़ी शिक्षित होगी। आज देश के उच्च पद पर महिला है। महिला किसी से कम नही है। देखने समझने का नजरिया सही होना चाहिए। शासन प्रशासन भी अपने अपने स्तर से महिलाओं को आरक्षण, योजना से जोड़कर उनके विकास के लिए कार्य कर रही हैं। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि के आसंदी से बोलते हुए माननीय लगनू राम चंद्रवंशी ने बताया कि हमारे वनांचल में इस तरह का आयोजन पहली बार हुआ है। इस कार्यक्रम की भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए समग्र सृष्टि समाज सेवी संस्था के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित किया है। उन्होंने बताया की महिलाओं को संगठित होकर एक मंच पर लाने का यह प्रयास बहुत अच्छा लगा। हमारा वनांचल का क्षेत्र है यह क्षेत्र प्राकृतिक वन संपदा से भरपूर है । इसका सरक्षण संवर्धन प्रबंधन का कार्य महिला आगे आकर करती है तो यह उल्लेखनीय कार्य है। अभी सामुदायिक वन संसाधन अधिकार मान्यता प्रमाण पत्र दिया जा रहा है। इसके हमारे क्षेत्र में संस्था अच्छा पहल कर रही है। सफलता के साथ अधिकार मिल रहा है। हमारे क्षेत्र के ग्राम नाडेकल में वन उपज खरीदी बिक्री केंद्र खुला है।

# ननकटठी व नगपुरा विद्युत केन्द्र में लगातार ट्रांसफार्मर आयल की चोरी से विद्युत आपूर्ति बाधित



**थाने में प्राथमिकी दर्ज कराने के बावजूद चोरों का नेटवर्क ग्रामीण क्षेत्रों में तेजी से सक्रिय**

दुर्ग (दावा)। किसानों के खेतों में लगे कृषि पंप हेतु ट्रांसफार्मर से आयल चोरी होने की घटना थमते नजर नहीं आ रहे है। फरवरी माह में ग्राम समोदा, पथरिया डोमा, करंजाभिलाई, भटगांव, कचांदुर, रवेलीडीह तथा करेली में कुल 10 नग से अधिक ट्रांसफार्मरों से आयल चोरी होने की सूचना नजदीकी थानों में दर्ज करायी जा चुकी है।

05 मार्च को आयल चोरों का नेटवर्क पुनः सक्रिय होकर ग्राम डोमा, भेड़सर, बोरी व ननकटठी नाला के पास से कुल 04 नग ट्रांसफार्मरों से ऑयल चोरी करके ले गये। जिनके कारण इन क्षेत्रों में लगे पंप कनेक्षनों में विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई। ट्रांसफार्मर ऑयल चोरी हो जाने से लाखों की लागत से लगे ट्रांसफार्मरों के क्वाईल जल जाने पर स्क्रेप में तब्दील हो जाने से विद्युत कंपनी को नुकसान उठाना पड़ रहा है। संचारण-संधारण संभाग दुर्ग के कार्यपालन अभियंता ए.के.बिजौरा ने बताया कि लगातार ट्रांसफार्मर ऑयल की चोरी से परेशान होकर विद्युत विभाग द्वारा चोरों के नेटवर्क को खत्म करने हेतु कई बार प्राथमिकी दर्ज कराई जा चुकी है एवं इस बार पुनः प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। उन्होंने बताया कि ऑयल चोर विशेष रूप से ननकटठी व नगपुरा विद्युत वितरण केन्द्र के अंतर्गत आने वाले ग्रामों में सक्रिय है।

चोरी के घटनाओं को लगाम कसना विद्युत विभाग के साथ साथ पुलिस विभाग के लिए भी अत्यंत आवश्यक हो गया है। लगातार ट्रांसफार्मर ऑयल की चोरी निष्चित रूप से विद्युत की आपूर्ति बाधित हो सकती है।

# छात्र युवा मंच प्रदेश महामंत्री भागवत वर्मा के जन्मदिन पर बच्चों को भोजन, फल, बिस्किट व मिठाई का वितरण



राजनांदगांव (दावा)। शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव के राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवक, समाज कार्य विभाग के उपाध्यक्ष भागवत वर्मा द्वारा अपना 22 वां जन्मदिन आस्था मुक बधिर विद्यालय में बच्चों के साथ मनाया गया जिसमें उनके द्वारा अपने साथियों के साथ मिलकर बच्चों को भोजन परोस कर खिलाया गया साथ में फल ,मिठाई व बिस्किट भी विपरीत किया गया ।

भागवत वर्मा ने बताया कि वे अपना जन्मदिन हर साल कुछ इसी अंदाज में मनाते हैं अपने जन्मदिन पर रक्तदान, वृक्षा रोपन या सामाज सेवा के कार्यों के माध्यम से युवाओं को जागरूक करने का प्रयास करते हैं अपने जन्मदिन के अवसर पर उन्होंने युवाओं से अपील भी किया की वे भी अपना जन्मदिन रचनात्मक और सकारात्मक रूप से मनाएं बर्थ में पार्टी कर इधर उधर घूम कर समय और पैसा व्यर्थ बहाने से कहीं अच्छा है कि इस पल को यादगार बनाएं और समाज सेवा का कार्य करें, रक्तदान करें और युवाओं को रक्तदान के लिए अपील भी करें हो सके तो रक्तदान शिविर का आयोजन अपने या अपने परिचितों के जन्मदिन के अवसर पर रक्तदान शिविर आयोजित करें।

# महापौर का बजट नगर विकास में मिल का पत्थर, पूर्व सीएम के कार्यकाल की उपलब्धि गिनाई-दल प्रवक्ता



राजनंदगांव (दावा)। **नगर पालिका निगम राजनांदगांव के राजीव नगर वार्ड 42 के पार्षद ऋषि शास्त्री ने इस पंचवर्षीय के अंतिम बजट में सत्र में सबसे लंबा डेढ़ घंटे का भाषण दिया जिसे सुन सभी ने की सराहना सभापति के समक्ष सम्बोधन में सदन से नगरवासियो एवं वार्डवासी का निगम के पंचवर्षीय अंतिम बजट में स्थान देने आभार व्यक्त करते हुए अपनी बात रखना प्रारंभ की सब से पहले महापौर के बजट की सराहना करते हुए कहा कि यह अंतिम बजट नगर विकास में मिल का पत्थर साबित होगा साथ ही पूर्व सरकार के कार्यकाल की महत्वकांक्षी योजनाओं को गिनाते हुए लगभग 40 दफे भूपेश बघेल का नाम लिया।**

पंचवर्षीय कार्यकाल में जीतने भी आरोप प्रतारोप पक्ष विपक्ष ने लागये ऐसे ज्वलंत मुद्दों को अपने भाषण में रखते हुए कहा कि चाहे वह बूढ़ा सागर सौंदर्य करण का मामला हो चाहे अमृत मिशन का मामला हो चाहे राजस्व सूली का मामला हो जितने भी मामले हैं उन्हें जल्द ही सामान्य सभा में ला कर चर्चा उपरांत सदन में उन विषयों पर सर्व सहमति से नियमानुसार कार्यवाही पारित होना चाहिए।

बजट भाषण दौरान विधायक प्रतिनिधि स्वर्गीय श्री लीला राम भोजवानी का भी स्मरण कर उनकी बातों को सदन में याद कर उन्हें। श्रद्धांजलि अर्पित की शास्त्री ने कहा कि भोजवानी जी सदन में हमेसा नगर विकास और सभी की समानता की बातें कहा करते थे जो हम सबके लिए इस स्मरणीय है।

श्रमिक बस्ती के पार्षद ऋषि शास्त्री ने अपने वार्ड विकास के सुझाव बजट बैठक में रखते हुए प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष सहयोग करने वाले सभी जनप्रतिनिधियों को धन्यवाद किया साथ ही युवा-महिला को रोजगार के संसाधनों से जोड़ने,कई योजनाओं को लागू करने और कई जनसहयोगी योजना की राशि बढ़ाने, सड़क नाली निर्माण, लाइट, गौरव पथ डामरीकरण,सड़क चौड़ीकरण वार्ड के मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी हुई सुविधाओं का लाभ जन जन को पहुंचाने के लिए बजट में जोड़कर प्रस्ताव शासन को भेजने का सुझाव दिया।

इस दौरान पूर्व सरकार की योजनाओं की संचालित रखने वर्तमान सरकार के अनुरोध किया,पूर्व सरकार द्वारा निर्माण कार्य की दी गई स्वीकृतियो की राशि वर्तमान सरकार द्वारा पैसे वापस लेजाना अहीत बताया।

# हैरी जोसेफ ने ढाबा स्कूल में बच्चों को खाने के साथ परोसा राष्ट्रीय मिठाई

राजनांदगांव(दावा)। छत्तीसगढ़ शासन की महत्वपूर्ण योजना के तहत भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष हैरी जोसेफ ने 6 मार्च दिन बुधवार को तकरीबन समय 1 बजे शासकीय प्राथमिक शाला नया ढाबा स्कूल पहुंचकर बच्चों को न्योता भोज कराया।

श्री जोसेफ ने बताया कि न्योता भोज के तहत सभी स्कूली बच्चों को फल के रूप में केले और मिठाई के रूप में जलेबी परोसा गया। साथ ही साथ बच्चों के बीच बैठकर भोजन भी किया। उन्होंने कहा भोजन बहुत ही स्वादिष्ट और पौष्टिक बना है। इस दौरान उन्होंने बच्चों के साथ बातचीत किया। बच्चों को पढ़ाई के संबंध में पूछा और सभी बच्चों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं भी दी।

# स्वयंसेवक विनोद टेम्बुकर का राष्ट्रीय एकता शिविर-2024 उड़ीशा के चयन



राजनांदगांव (दावा)। राष्ट्रीय एकता शिविर भारत सरकार युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय भोपाल द्वारा राष्ट्रीय एकता शिविर एनआईसी कैंप का आयोजन 16 मार्च से 22 मार्च 2024 तक फकीर मोहन विश्वविद्यालय,बालाशोर (उड़ीशा) में आयोजित किया जा रहा है। शिविर में देशभर के विभिन्न राज्यों के रा से यो इकाइयों की भी सहभागिता होगी।

सात दिवसीय राष्ट्रीय एकता शिविर के दौरान विभिन्न प्रांतों के स्वयंसेवक स्वयंसेविकाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ-साथ विभिन्न प्रकार के संस्कृति का आदान-प्रदान किया जायेगा। स्वयंसेवक विनोद वर्षभर अपना उत्कृष्ट प्रदान के साथ अनुशासन का परिचय देकर अन्य स्वयंसेवियों को आगे बढ़ते रहने के लिए प्रेरित करते है।

साथ ही इससे पूर्व राज्य स्तरीय चिंतन शिविर में जिले का प्रतिनिधित्व भी कर चुके है। स्वयंसेवक का राष्ट्रीय एकता शिविर चयन हेतु संस्था के प्राचार्य डॉ. के.एल. टांडेकर, रासेयो जिला संगठक डॉ. एस. के. पटेल और राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई कार्यक्रम अधिकारी प्रो. संजय सप्तर्षि, प्रो.करुणा रावटे एवं रासेयो परिवार द्वारा बधाई एवं शुभकामनाएं दिया गया।

# विकसित भारत के लिए भारतीय तकनीक थीम पर विज्ञान प्रदर्शनी कॉन्फ्लुएंस महाविद्यालय में संपन्न




राजनांदगांव (दावा)। महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयुक्त तत्वाधान में विकसित भारत अभियान के अंतर्गत विकसित भारत के लिए भारतीय तकनीक थीम के साथ आयोजन किया गया। विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन प्राचार्य डॉ.रचना पांडे एवं नोडल अधिकारी प्रो.विजय मानिकपुरी ने किया।

नोडल अधिकारी प्रो. विजय मानिकपुरी ने बताया कि महाविद्यालय की उल्लेखनीय कार्यों शोध व नवाचार की प्रदर्शनी परिसर में लगाई गई प्रदर्शनी का आयोजन भारतीय प्रौद्योगिकी और विकसित भारत विषय पर केंद्रित रहा विकसित भारत यानी वर्ष 2047 तक सौ वर्ष स्वतंत्रता के समय राष्ट्र को विकसित राष्ट्र की श्रेणी में लाने की संभावना है देश की तीव्र प्रगति को देखते हुए इस महत्वाकांक्षी लक्ष्य को साकार करने में प्रत्येक शैक्षिक संस्थान के साथ-साथ प्रत्येक युवा को प्रेरित करने के उद्देश्य से यह विज्ञान प्रदर्शनी की जा रही है। विकसित भारत के विभिन्न पहलू संरचनात्मक रूपांतरण, श्रम बजारों का निर्माण, प्रतिस्पर्धा बढ़ाना, वित्तीय और सामाजिक समावेशन में सुधार, हरित क्रांति के अंतर्गत अवसरों का लाभ उठाना शामिल है।महाविद्यालय द्वारा यह प्रदर्शनी से विद्यार्थी अपने कौशल का प्रदर्शन कर रहे हैं।

प्राचार्य डॉ.रचना पांडे ने बताया कि कॉलेज के विद्यार्थियों ने तेरह समूह में जिसमें छः सदस्यों का एक समूह बनाया गया और छात्रों ने विज्ञान प्रदर्शनी में अपने नवाचार मॉडल प्रस्तुत किए विकसित भारत को सकार करने के लिए विकसित महाविद्यालय और विकसित शिक्षा प्रणाली आवश्यक है। इसलिए महाविद्यालय के प्रतिभाशाली छात्रों के द्वारा बनाई गई मॉडल जो चलित मॉडल भी है का प्रदर्शनी लगाया गयाद्य जो छात्रों को सशक्तिकरण में मदद करेगा यह ज्ञान का समागम है। डॉयरेक्टर आशीष अग्रवाल, संजय अग्रवाल एवं डॉ मनीष जैन ने संयुक्त रूप से कहा कि यह भारत का सही समय है हमें इस स्वर्णिम योग के हर पल का फायदा उठाना है हमें एक पल भी बर्बाद नहीं करना है इसीलिए जागरूकता पैदा करने और विकासात्मक और कल्याणकारी योजनाओं में जन भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए यह विज्ञान प्रदर्शनी मॉडल प्रस्तुतीकरण किया जा रहा है। जिसमें वाटर हार्वेस्टिंग, प्रकाश संश्लेषण, जल संरक्षण, हाइड्रोइलेक्ट्रिक पावर स्टेशन, तंत्रिका तंत्र, सूक्ष्म दर्शी, मानव हृदय संचालन, पौधे में निषेचन, पाचन तंत्र जैसे महत्वपूर्ण मॉडल विद्यार्थियों ने प्रस्तुत किया जिसकी सरहाना महाविद्यालय के प्राचार्य, डायरेक्टर एवं प्राध्यापकों ने जमकर किया और विज्ञान प्रदर्शनी में छात्रों के पालकगण भी सम्मिलित हुए।

मुख्य रूप से प्रदर्शनी में गामिनी देवांगन, नीलम सहारे, जितेंद्र साहू, हिना बोरकर, अनामिका साहू, मौसमी साहू, चंद्रप्रभा, वर्षा, योगिता, पल्लवी ठाकुर, दीपक देवांगन, उदय कुमार, लिंकन, देवेंद्र, यतीश, रूपेश, देविका, परमेश्वर, कौशल, प्रिया, प्रीति, उमाशंकर, हेमलता देवांगन, देवकुवर, साक्षी ध्रुव, डिंपल, अंजना, भूपेंद्र, शिवानी, अतुल, गुंजन, हिमाक्षी, खिलेश्वरी, राजलक्ष्मी, माधुरी, भावना, पायल सहित महाविद्यालय के सैकड़ों विद्यार्थी एवं प्राध्यापक सम्मिलित हुए।

# मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिकों के बच्चों हेतु नि:शुल्क कोचिंग सहायता योजना




**पंजीकृत निर्माण श्रमिकों एवं उनके आश्रित संतान से ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित**

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल रायपुर द्वारा मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिकों के बच्चों हेतु निऱ्शुल्क कोचिंग सहायता योजना संचालित की जा रही है। योजना का लाभ लेने के लिए इच्छुक एवं पात्र पंजीकृत निर्माण श्रमिकों एवं उनके आश्रित संतान नजदीकी च्वाईस सेंटर से एवं जिलों के विकासखंडों में संचालित मुख्यमंत्री श्रम संसाधन केन्द्रों एवं जिले में आयोजित शिविरों के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत कर सकते है।

श्रम पदाधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिकों के बच्चों हेतु निऱ्शुल्क कोचिंग सहायता योजना के तहत पंजीकृत श्रमिक अथवा पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के प्रथम दो संतानों व दत्तक संतानों को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए न्यूनतम 4 माह से अधिकतम 10 माह तक की अवधि के लिए निःशुल्क कोचिंग दी जाएगी। उन्होंने बताया कि पात्र हितग्राही प्रतिभाशाली होने के बावजूद आर्थिक सहायता के अभाव में प्रतियोगिता परीक्षाओं को पूर्ण करने में असमर्थ होते है। उन्हें उनकी योग्यता के अनुरूप शासकीय सेवाओं में प्रतियोगिता परीक्षाओं के माध्यम से प्रवेश प्राप्त करने हेतु सक्षम बनाने के लिए कोचिंग उपलब्ध कराकर उनके जीवन स्तर में सामाजिक श्रेणीगत परिवर्तन के अवसर उपलब्ध कराना और सशक्त बनाया जाकर समाज के विकास की मुख्य धारा में जोडऩा है। इसके अंतर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों एवं उनके आश्रित संतानों को उनके शैक्षणिक योग्यता अनुरूप प्रतियोगिता परीक्षाओं जैसे पीएससी, सीजी व्यापम, एसएससी, बैंकिंग, रेल्वे, पुलिस भर्ती परीक्षा अंतर्गत समय-समय पर जारी होने वाले प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी हेतु न्यूनतम 04 माह से अधिकतम 10 माह तक की अवधि के लिए निऱ्शुल्क कोचिंग का अवसर प्रदान किया जाएगा।

# स्थिति से परिस्थिति: भागोलिक विज्ञान में बदलता अनवेशन विषय पर दिग्विजय महाविद्यालय पर संगोष्ठी



राजनांदगांव (दावा)। शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजनांदगाव के भूगोल विभाग द्वारा दो दिवसीय राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी का आयोजन 01 व 02 मार्च 2024 को किया गया. इस संगोष्ठी का विषय स्थिति से परिस्थिति भागोलिक विज्ञान मे बदलता अनवेशनष् था.

कार्यक्रम के प्रथम दिवस अतिथियो के द्वारा संगोष्ठी के पत्रिका का विमोचन किया गया.कार्यक्रम के आरंभ मे संस्था प्रमुख प्राचार्य महोदय डॉ के एल टांडेकर ने संगोष्ठी की उपयोगिता एवं वर्तमान परिप्रेक्ष्य मे इसकी महत्ता पर बहुत जी संक्षिप्त एवं सारगर्भित सम्बोधन दिया. इस प्रोग्राम के कनवेनर डॉ. एस. जेनामनी सहायक प्राध्यापक,भूगोल ने कार्यक्रम के रुपरेखा का संक्षिप्त परिचय दिया, एवं अन्य जानकारी प्रोफेसर के.एल. प्रसाद ने दी। डॉ. वरुण कुमार, मुख्य अतिथि दिल्ली विश्वविद्यालय, नई दिल्ली, उद्घाटन समारोह के कीनोट स्पीकर थे. मन की बीमारी, के बारे मे उन्होंने अपनी बात बहुत ही सारगर्भित तरीके से श्रोताओं के सामने रखी.

उन्होंने मन की महत्ता पर विशेष जोर देते हुए कहा की अगर अवचेतन मन में जो विचार आते है, उसमें से अच्छे विचारों को आत्मसात करते हुए कैसे हम खुद को कैसे और बेहतर बना सकते है. मनःस्थिति को बेहतर तरीके से समझाने के लिए डॉ वरुण कुमार ने कई उद्धर्णो का उदाहरण दिया जिसमें मानसिक प्रदुषण का प्रमुख कारण एक समय पर कई कार्यों को करने की असफल कोशिश करना है. मोबाइल का उपयोग करते समय ज्यादातर लोग कई दैनिक क्रियाकलापो को सम्पादित करते है जिसमे पढ़ाई, खाना, सोना आदि प्रमुख है. इसके फ्लस्वरूप कोई भी कार्य पूर्णतः सम्पादित नहीं हो पाती, जिससे लोगो मे तनाव, चिड़चिड़ापन चिंता सामान्य बात है.मुख्य अतिथि प्रोफेसर शांतनु पटनायक राजीव गाँधी यूनिवर्सिटी, अरुणाचाल प्रदेश ने ष्इम्पैक्ट ऑफ क्लाइमेट चेंज ऑन वाटर रिसोर्सस्ष् पर अपनी बात श्रोताओं के सामने रखी. विकाश से विनाश की ओर, सस्टेनेबलडेवलपमेंट जैसे प्रमुख मुद्दों पर उन्होंने काफी विस्तार से चर्चा किया. इंसान की मनोस्थिति का आधार जिस स्थिति के साथ वो वो वैसा ही व्यवहार करने लगता है.विचारों से विचारों का प्रबंधन उद्घाटन समारोह मे विज्ञान, कला एवं कॉमर्स के विभागध्यक्ष, सहायक प्राध्यापक, शोधार्थी एवं छात्र छात्रायें उपस्थित थे.मंच संचालन डॉ अनीता साहा ने सफ्लता पूर्वक किया।

# वायु सैनिक समूह वाई (गैर तकनीकी) मेडिकल असिस्टेंट ट्रेड में प्रवेश के लिए 28 मार्च एवं 3 अप्रैल को भर्ती रैली

राजनांदगांव(दावा)। भारतीय वायुसेना द्वारा वायु सैनिक समूह वाई (गैर तकनीकी) मेडिकल असिस्टेंट ट्रेड में प्रवेश के लिए 28 मार्च 2024 एवं 3 अप्रैल 2024 को लाल परेड ग्राऊंड भोपाल मध्यप्रदेश में भर्ती रैली आयोजित की गई है। छत्तीसगढ़ राज्य के सभी जिलों के चिकित्सा सहायक के उम्मीदवारों के लिए रैली की तिथि 28 मार्च 2024 को सुबह 6 बजे निर्धारित है। इसी तरह चिकित्सा सहायक (फार्मेसी में डिप्लोमा व बीएससी) के उम्मीदवारों के लिए रैली की तिथि 3 अप्रैल 2024 को सुबह 6 बजे निर्धारित है। रिपोर्टिंग टाईम का अंतिम समय सुबह 10 बजे तक रहेगा। इस संबंध में विस्तृत जानकारी वेबसाईट www.airmenselection.cdac.in से प्राप्त की जा सकती है।

उप संचालक रोजगार श्री एसव्ही राजौरिया ने बताया कि चिकित्सा सहायक (10+2) वाले अविवाहित उम्मीदवार का जन्म 24 जून 2003 और 24 जून 2007 (दोनों तिथियां सम्मिलित) के बीच हुआ हो। उम्मीदवार को मान्यता प्राप्त शिक्षा बोर्ड से भौतिकी, रसायन विज्ञान एवं जीव विज्ञान तथा अंग्रेजी के साथ (10+2), इंटरमीडिएट, समकक्ष परीक्षा न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण होना चाहिए। मान्यता प्राप्त शिक्षा बोर्ड से गैर व्यावसायिक विषयों यानी भौतिकी, रसायन विज्ञान एवं जीव विज्ञान तथा अंग्रेजी के साथ दो वर्ष का व्यावसायिक पाठ्यक्रम न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण होना चाहिए।

उन्होंने बताया कि चिकित्सा सहायक (फार्मेसी में डिप्लोमा व बीएससी) वाले अविवाहित उम्मीदवार का जन्म 24 जून 2000 और 24 जून 2005 (दोनों तिथियां सम्मिलित) के बीच हुआ हो। उम्मीदवार को मान्यता प्राप्त शिक्षा बोर्ड से भौतिकी, रसायन विज्ञान एवं जीव विज्ञान तथा अंग्रेजी के साथ (10+2), इंटरमीडिएट, समकक्ष परीक्षा न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण होना चाहिए। इसके अलावा नामांकन के समय स्टेट फार्मेसी काउंसिल या फार्मेसी काउंसिल इंडिया से वैद्य पंजीकरण के साथ न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ फार्मेसी में डिप्लोमा व बीएससी अनिवार्य आवश्यकता होगी। मान्यता प्राप्त शिक्षा बोर्ड से गैर व्यावसायिक विषयों यानी भौतिकी, रसायन विज्ञान एवं जीव विज्ञान तथा अंग्रेजी के साथ दो वर्ष का व्यावसायिक पाठ्यक्रम न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण होना चाहिए। विवाहित उम्मीदवार का जन्म 24 जून 2000 और 24 जून 2003 (दोनों तिथियां सम्मिलित) के बीच हुआ हो। केवल मेडिकल असिस्टेंड ट्रेड के लिए ग्रुप वाई (गैर तकनीकी) में एयरमैन हेतु भर्ती की जाएगी।




स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com